


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 19 जुलाई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 173 | मूल्य - 5 रुपये















जग प्रेरणा
# live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


## बढ़ा बालाघाट का मान, डॉ. बी.एम. शरणागत को मिला प्रतिष्ठित 'आईएमए लीडरशिप अवॉर्ड-2026'

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों मिला सम्मान..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले के चिकित्सा जगत के लिए आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। जिले के वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्सक, डॉ. बी.एम. शरणागत को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन***

(आईएमए) के प्रतिष्ठित 'लीडरशिप अवॉर्ड-2026' से सम्मानित किया गया है। यह गरिमामयी पुरस्कार समारोह डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में आज, 18 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने अपने कर-कमलों से डॉ. शरणागत को यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया। इस दौरान देश भर के प्रख्यात चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ मौजूद थे। गौरतलब है कि डॉ. बी.एम. शरणागत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उनकी दशकों की लंबी चिकित्सा यात्रा, मरीजों के प्रति अटूट सेवा भाव, समाज के अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के प्रयासों और चिकित्सा क्षेत्र में उनके कुशल नेतृत्व के लिए दिया गया है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. शरणागत ने इस सम्मान को अपने मरीजों, जिले के स्वास्थ्य विभाग की टीम और अपने शुभचिंतकों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन्हें भविष्य में और भी अधिक निष्ठा के साथ मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगा।

### एक प्रेरणादायक सफर..

डॉ. बी.एम. शरणागत का नाम बालाघाट में चिकित्सा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय स्तंभ के रूप में जाना जाता है। अपनी सेवा के दौरान उन्होंने न केवल जटिल रोगों के उपचार में महारत हासिल की है, बल्कि ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। यह राष्ट्रीय सम्मान उनके दीर्घकालिक अनुभवों और निस्वार्थ सेवा का एक सार्थक सम्मान है।

### जिले में हर्ष की लहर

डॉ. शरणागत की इस उपलब्धि की खबर जैसे ही बालाघाट पहुँची, चिकित्सा समुदाय और जिले के नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जिले के प्रबुद्ध नागरिकों और चिकित्सा संगठनों ने इसे बालाघाट के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उनका मानना है कि एक छोटे शहर से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाना न केवल डॉ. शरणागत के व्यक्तिगत संघर्ष और मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह पूरे जिले के स्वास्थ्य तंत्र के लिए गौरव का विषय है।

## बालाघाट में किसान कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला फूंका..

### कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री व भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का लगाया आरोप..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***नगर मुख्यालय सहित बालाघाट जिले में किसानों का आक्रोश लगातार बढ़ता ही जा रहा है जिसके चलते 18 जुलाई को किसान कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मुख्यालय स्थित हनुमान चौक में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला जलाया। इसके***

साथ ही भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप भी लगाया। कांग्रेसियों ने कहा कि चुनाव के समय में किसानों को 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य देने का वादा किया गया था लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया है। इसके साथ ही किसानों को नकली खाद बीज भी मिल रहे हैं और खाद बीज के दाम भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं जिससे किसानों पर सिर्फआर्थिक बोझ ही बढ़ रहा है। किसानों को आर्थिक सहायता और आर्थिक बोझ से मुक्ति दिलाने का वादा सरकार ने किया था वह तो कम नहीं हो रहा है लेकिन किसानों पर लगातार आर्थिक बोझ बढ़ता ही जा रहा है जिसके चलते कांग्रेसियों ने कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया।

### बोले भुरु पटेल..

किसान कांग्रेस अध्यक्ष भूरू पटेल ने कहा कि कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री है। उनके नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने मध्यप्रदेश में किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये देने का वादा किया था। यह दुर्भाग्य है कि पूर्व मुख्यमंत्री अब देश के कृषि मंत्री है। कृषि कल्याण की सबसे बड़ी ताकत उनके पास है, लेकिन कृषि मंत्री होने के बाद भी वो किसानों को राहत देने में असफल हैं।

भुरु पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और भाजपा सरकार के मंत्रीयों को सिर्फ योजनाओं का नाम बदलना आता है, या फिर किसी उपयोगी स्तंभ को हटाने का हल्ला और फिर उसे रोकने का पहाड़ा पढ़कर झूठा श्रेय लेने का नाटक करना इन्हें बहुत अच्छे से आता है, और ऐसा ही करके ये देश की जनता और किसानों को बहला फुसला कर झुठे वादों और झूठे विकास में फंसा रहे हैं। अगर भाजपा सरकार ने शीघ्र ही किसानों को 3100 रुपए धान का समर्थन मूल्य नहीं दिया, तो हम हर गांव गांव में और खेत खलिहानों में पहुंचकर मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री का पुतला दहन करेंगे।

### यह रहे उपस्थित..

किसान कांग्रेस के नेतृत्व में किये गए आंदोलन में प्रमुख रुप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुशील पालीवाल, अनुप सिंह बैस, रहीम खान, जुगल शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम पंजवानी, मकसुद खान, धर्मेन्द्र बोपचे, महेन्द्र पचौरी, महेश सहारे, धर्मेन्द्र कुरील, जावेद अली संहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स ने किया वृक्षारोपण एवं कॉपी वितरण

### विद्यार्थियों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इनर व्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स द्वारा शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर, बालाघाट में वृक्षारोपण एवं कॉपी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा और संस्कार की भावना से आयोजित इस कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा जरूरतमंद बच्चों को अध्ययन सामग्री के रूप में कॉपियों का वितरण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों के रोपण के साथ हुआ। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि आज हम अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। क्लब की सचिव अर्चना गुप्ता ने बताया कि इनर व्हील क्लब समय-समय पर समाजहित में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉपियों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और समाज के सक्षम लोगों का दायित्व है कि वे जरूरतमंद विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग प्रदान करें। वृक्षारोपण के बाद विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कॉपियां प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। विद्यालय परिवार ने इनर व्हील क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी कदम बताया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के महत्व के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब बालाघाट टाइगर्स की अध्यक्ष डॉ. गुरमीत त्रिवेदी, सचिव अर्चना गुप्ता, कोषाध्यक्ष वंदना नवानी, रश्मि बिसेन, रिया पसरिचा, ममता चंदेल, मनीषा छुटानी, सुरभि शर्मा, वर्षा जैन, माधुरी अग्रवाल, हैप्पी छाबड़ा, रूबी छाबड़ा, डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज, गायत्री, रानी धनवानी, महक सचदेव, मोनिका बिसेन, प्रियंका जायसवाल, शिखा चावड़ा, सोनल गांधी, शालू गांधी, श्वेता सचदेव सहित क्लब की अनेक सदस्याएँ उपस्थित रहीं। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में रोटरी क्लब बालाघाट टाइगर्स के सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। दोनों संगठनों के संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और समाज में सेवा, शिक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देने में सफल रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित और समाज कल्याण से जुड़े सेवा कार्य निरंतर संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया।


दैनिक जगप्रेरणा मे क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन मे प्रकाशित किये जाते है। कृपया संपर्क करे.. मो. 9329033433


## जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान कि पूर्व प्राचार्य सुभद्रा दुबे का निधन



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बालाघाट कि पूर्व प्राचार्य श्रीमती सुभद्रा दुबे का शुक्रवार 17 जुलाई को 78 वर्ष कि आयु मे दुःखद निधन हो गया.श्रीमती दुबे ने कुशालपुर रायपुर स्थित अपने भाई अनूप पांडे के निवास मे शुक्रवार कि सुबह अंतिम सांसे ली। शुक्रवार कि शाम बूढा तालाब के पास मारवाड़ी मोक्षधाम मे परिजनों व शुभचिंतको कि मौजूदगी मे नम आँखों से उनका अंतिम संस्कार किया गया। श्रीमती दुबे के भतीजे व उनके दत्तक पुत्र अनादि पांडे ने उन्हें मुखाग्नि दी. श्रीमती सुभद्रा दुबे बालाघाट जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों मे पदस्थ रही. उन्होंने वारासिवनी कि टिहलीबाई शासकीय स्कूल कमला नेहरू कन्या शाला बालाघाट मे बहुउद्देश्यी शासकीय शाला व एम एल बी स्कूल सहित जिले के कई प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानो मे बतौर व्याख्याता अपनी सेवाए प्रदान की.शिक्षा के क्षेत्र मे उनकी सशक्त और बेबाक कार्यशैली के चलते उन्हें बालाघाट जिले मे ज़ेडर कोआर्डिनेटर बालिका शिक्षा के पद पर कार्य करने कि महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी मिली थी। इस दौरान उन्होंने जिले के सुदूर ग्रामीण अंचलो एवं नक्सल प्रभावित गाँवों मे अभावग्रस्त वातावरण मे पढ़ाई कर ररही बालिकाओं को शासन कि महती योजनाओ के साथ साथ जन सहयोग से मुख्यधारा से जोड़कर उनका उत्थान करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे लंबे समय तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मे पदस्थ रही। वही डाईट प्राचार्य के पद से सेवानिर्वत हुई। वे अपने पति सेवानिर्वत उप संचालक पशु चिकित्सा एवं सेवाए डॉ वी के दुबे के निधन के बाद कुछ समय तक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रेम नगर मे स्थित अपने मकान में रही। ढलती उम्र व गिरते स्वास्थ कि वजह से श्रीमती दुबे लगभग 2 वर्ष पूर्वअपने भाई अनूप पांडे भतीजे व उनके दत्तक पुत्र अनादि पांडे के साथरहने रायपुर आ गई थी.उनके निधन से समूचे शिक्षा जगत मे शोक कि लहर व्याप्त है.अपने भाई बहनो मे सबसे बड़ी सुभद्रा दुबे ने पारिवारिक जीवन मे भी एक अलग मिशाल पेश कि थी.श्रीमती सुभद्रा दुबे दैनिक समाचार पत्र के विशेष संवाददाता प्रणित शुक्ला की मौसी थी।

## शिकायत वापस लेने का दबाव, जान से मारने की धमकी का आरोप; एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

शहर के चित्तगुप्त नगर निवासी रोहित बर्वे ने पुलिस अधीक्षक बालाघाट को आवेदन सौंपकर जान से मारने की धमकी, मारपीट और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने स्वयं तथा अपने सहकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन के अनुसार, रोहित बर्वे ने बताया कि वह डेकोरेशन एवं कैटरिंग का कार्य करते हैं। 16 जुलाई 2026 की रात लगभग 10:15 बजे वह अपने मित्र विशाल बाहेश्वर के साथ लांजीवेरा मोहल्ला से लौट रहे थे। आरोप है कि स्वीपर मोहल्ला चौक स्थित एक कबाड़ी दुकान के सामने कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। शिकायत में सादान खान, नफीस खान, कौशिक खान, अमन खान और मोरिश खान सहित अन्य लोगों पर धारदार हथियारों एवं डंडों से मारपीट करने तथा गाली-गलौज करने का आरोप लगाया गया है। रोहित बर्वे का कहना है कि घटना के संबंध में उन्होंने 16 जुलाई को कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद से लगातार शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

उनका आरोप है कि संबंधित लोग उनके कार्यस्थल नूतन कला निकेतन, गैर चौक सहित अन्य स्थानों पर पहुंचकर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। साथ ही सामाजिक एवं धार्मिक टिप्पणियां कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके सहकर्मियों को भी धमकाया जा रहा है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक मोबाइल नंबर 8575852233 से भी उन्हें लगातार धमकी भरे फोन आ रहे हैं। रोहित बर्वे ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उन्हें और उनके सहकर्मियों को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने आवेदन में कहा है कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई और उनके साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी। फिलहाल यह आरोप शिकायतकर्ता द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन में लगाए गए हैं। मामले में पुलिस की जांच और आधिकारिक कार्रवाई की प्रतीक्षा है।


SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time — AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111


### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।


ग्रेसियस कॉलेज

2026-27 ADMISSION OPEN
SC ,ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग
4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. कांउसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड , बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.



स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# भाजपा विधानसभा स्तरीय बैठक में उठा था कान्हीवाड़ा विद्युत मंडल का मुद्दा..

## जेई को हटाने की मांग पर अब तक नहीं हुई कार्रवाई..




**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

कान्हीवाड़ा के उत्सव पैलेस में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक में क्षेत्र की विद्युत समस्याओं और विद्युत मंडल के कनिष्ठ अभियंता की कार्यप्रणाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। बैठक में भाजपा के संभागीय संगठन प्रभारी एवं प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, जिला पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में लगातार बनी हुई बिजली संबंधी समस्याओं और कनिष्ठ अभियंता की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें तत्काल हटाए जाने की मांग की थी। कार्यकर्ताओं का कहना था कि विद्युत आपूर्ति, शिकायतों के निराकरण तथा उपभोक्ताओं से व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कार्यकर्ताओं के अनुसार बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने उनकी मांग को गंभीरता से लेते हुए उचित स्तर पर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि, कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आज दिनांक तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई है और संबंधित कनिष्ठ अभियंता अब भी अपने पद पर कार्यरत हैं। कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सत्ता में अपनी ही सरकार होने के बावजूद उनकी बात को अपेक्षित महत्व नहीं मिल रहा है। उनका आरोप है कि चुनाव के समय कार्यकर्ताओं को पार्टी की सबसे बड़ी ताकत और 'देवतुल्य' बताया जाता है, लेकिन संगठनात्मक बैठकों में उठाई गई उनकी समस्याओं पर समय पर कार्रवाई नहीं होती। उनका कहना है कि कार्यकर्ताओं की भूमिका केवल कार्यक्रमों के आयोजन और व्यवस्थाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उनकी बातों और जनहित से जुड़े मुद्दों को भी गंभीरता से सुना जाना चाहिए।

कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन से मांग की है कि वे अपने कार्यकर्ताओं की भावनाओं और क्षेत्रवासियों की विद्युत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित मामले में शीघ्र पहल करें तथा सक्षम स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। उनका कहना है कि इससे संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास भी मजबूत होगा तथा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार की दिशा में सकारात्मक संदेश जाएगा।

कोई लौटा दे मेरा बीता हुआ कल..

# पूर्व सिवनी लोकसभा संसदीय क्षेत्र सिवनी लोकसभा सीट की बहाली के लिए फिर उठी आवाज

## सामाजिक कार्यकर्ता अकील अहमद ने किया संघर्ष का आह्वान..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सामाजिक कार्यकर्ता अकील अहमद ने सिवनी की ऐतिहासिक लोकसभा सीट को पुनः बहाल करने की मांग उठाते हुए कहा है कि जिले की अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां लंबे जनसंघर्ष का परिणाम रही हैं। उन्होंने कहा कि फोरलेन सडक् और बड़ी रेल लाइन जैसी परियोजनाएं भी वर्षों के संघर्ष के बाद सिवनी को मिल सकीं।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोगली की जन्मभूमि और पेंच नेशनल पार्क के लिए प्रसिद्ध सिवनी जिले का अपना गौरवशाली राजनीतिक इतिहास रहा है। पूर्व सिवनी लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पंडित गार्गीशंकर मिश्रा, सुश्री विमला वर्मा, प्रहलाद पटेल, पंडित रामनरेश त्रिपाठी और श्रीमती नीता पटेरिया जैसे जनप्रतिनिधियों ने किया। इनमें पंडित गार्गीशंकर मिश्रा, सुश्री विमला वर्मा और प्रहलाद पटेल केंद्रीय मंत्री भी बने, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया।

अकील अहमद ने कहा कि अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में जिले के विभाजन के कारण सिवनी की स्वतंत्र लोकसभा सीट समाप्त हो गई, जिससे जिले की राजनीतिक पहचान प्रभावित हुई। उनका कहना है कि आगामी परिसीमन की संभावनाओं को देखते हुए अभी से जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को एकजुट होकर सिवनी को पुनः स्वतंत्र लोकसभा सीट दिलाने अथवा पूरे जिले को एक ही लोकसभा क्षेत्र में शामिल करने की मांग उठानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फोरलेन सडक् और बड़ी रेल लाइन के लिए किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, छात्रों, पत्रकारों, कलाकारों और आम नागरिकों ने मिलकर संघर्ष किया था, उसी तरह अब सिवनी की राजनीतिक पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए भी सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर अन्य क्षेत्रों को नए लोकसभा क्षेत्र बनाने की चर्चा हो रही है, जबकि कभी अस्तित्व में रही सिवनी लोकसभा सीट की बहाली को लेकर अपेक्षित चर्चा नहीं हो रही है। उन्होंने जिले के सभी वर्गों से दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आगामी परिसीमन प्रक्रिया के दौरान भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या से जुड़े मजबूत तथ्यों के साथ परिसीमन आयोग के समक्ष सिवनी की मांग रखने का आह्वान किया। अकील अहमद ने विश्वास व्यक्त किया कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक संघर्ष के माध्यम से सिवनी अपने गौरवशाली इतिहास और राजनीतिक पहचान को पुनः प्राप्त कर विकास की नई दिशा में आगे बढ़ सकता है।

# 23 जुलाई को छपारा में निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा..

## श्रद्धालुओं से सहभागिता का आग्रह..



**जगप्रेरणा छपारा।**

धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण के बीच भगवान श्री जगन्नाथ जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 23 जुलाई को छपारा में किया जाएगा।

रथ यात्रा दोपहर 1:00 बजे श्री राम मंदिर, छपारा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गोल्डेन टेंपल, छपारा पहुंचेगी।

रथ यात्रा में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा विराजमान रहेंगे। श्रद्धालु भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन एवं जयघोष के साथ प्रभु की रथ यात्रा में सहभागी बनेंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, प्रेम, सद्भाव एवं सेवा की भावना का प्रसार करना है। रथ यात्रा के समापन उपरांत गोल्डेन टेंपल, छपारा में सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद (भंडारा) का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने समस्त छपारा नगरवासियों एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित रथ यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान श्री जगन्नाथ जी के रथ को हाथ लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा इस भव्य धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433

# पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में आयोजित की गई मैराथन जागरूकता रैली..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

'नशे से दूरी, है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने मैराथन जागरूकता रैली में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस रैली का उद्देश्य युवाओं एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक कर नशामुक्त भारत का संदेश देना था।

कार्यक्रम में एडीपीसी श्री राय, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती राजेश्वरी धुर्वे, रैली प्रभारी यदुराज उइके, श्रीमती पूजा पांडे, साबिर खान, राम बिसेन, जयदीप बघेल सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

इस अभियान के माध्यम से सभी ने नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# मौसम का बदला मिजाज, एक बार फिर किसानों ने ली राहत की सांस



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में विगत एक सप्ताह से थमी बारिश पुनः शुक्रवार की तड़ाके की सुबह से प्रारंभ हो जाने से फसलों को नया जीवन मिल गया है। कहीं रिमझिम तो कहीं तेज हुई बारिश ने खेत में मुरझा रही फसलों को ताजगी आ गई है। बीते 10 दिनों से रूठे मानसून के कारण गुरूवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था, जो शुक्रवार को 24 घंटे के दौरान 6 डिग्री सेल्सियस गिरकर 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सिवनी मुख्यालय में मात्र 5 मिमी बारिश दर्ज की गई है, हालाकि सुबह से लेकर शाम तक रिमझिम बारिश का दौर बना रहा है, जिससे किसानों के साथ आमजनों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। जिले के अन्य विकासखंडों में भी रिमझिम बारिश होने की जानकारी प्राप्त हुई है। हालाकि कुछ क्षेत्रों में बारिश नहीं होने से किसान समस्या से जूझ रहे हैं। जुलाई माह का कोटा तभी पूरा होगा जब लगातार मानसून की सक्रियता बनी रहेगी।1 जून से अब तक जिले में 279.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है, जबकि पिछले वर्ष दोगुना बारिश दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष तहसीलवार वर्षा में सिवनी में 526.0 मिमी, कुरई में 271.0 मिमी, बरघाट में 383.1 मिमी, केवलारी में 681.0 मिमी, छपारा में 651.5 मिमी, लखनादौन में 515.3 मिमी, धनौरा में 577.9 मिमी तथा घंसौर में 961.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

## उमस भरी गर्मी से मिली राहत..

जुलाई के प्रथम सप्ताह तक तेज बारिश के बाद किसानों ने मक्का, धान, सोयाबीन, मूंग, मूंगफ्ली, उड़द और अरहर सहित अन्य खरीफ फसलों की बोवनी अपने खेतों में कर दी है। लेकिन 10 दिनों से बारिश में ब्रेक लगा रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई थी। मौसम का मिजाज एक बार फ्रि बदले से किसानों ने राहत की सांस ली है।

बीते कुछ दिनों से तेज धूप व उमस भरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया था। तापमान में उछाल और गर्मी से राहत पाने घरों के बंद कूलर दोबारा चालू हो गए थे। किसानों के अनुसार बारिश थमने के दौरान खेतों में दवाई आदि के छिड़काव करना आसान हो जाता है, लेकिन लगातार एक सप्ताह तक पानी न गिरने से खेतों में लगी मक्का सहित अन्य फ्सलें मुरझाने लगी थीं। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में कहीं रिमझिम तो कहीं तेज बारिश का सिलसिला तड़के से शुरू होकर रात तक जारी रहा।

# खुर्सीपार में सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न

## जल संरक्षण, नशामुक्ति और उच्च शिक्षा को लेकर बनी कार्ययोजना..




**जगप्रेरणा लखनादौन।**

ग्राम पंचायत खुर्सीपार में शनिवार को सेक्टर स्तरीय बैठक का सफ्ल आयोजन किया गया। विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई इस बैठक में सामाजिक विकास, उच्च शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा और आगामी कार्ययोजना तैयार की गई।

बैठक के दौरान युवाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए **BSW** (बैचलर ऑफसोशल वर्क) और **MSW** (मास्टर ऑफ सोशल **WORK**) पाठ्यक्रमों में नए प्रवेश **(Admission)** को लेकर रणनीति बनाई गई। उपस्थित समिति के सदस्यों ने ग्रामीण युवाओं को इस कोर्स के माध्यम से समाज सेवा और करियर निर्माण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही, क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता और जन-भागीदारी बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव ने उपस्थित सदस्यों को जल संरक्षण, स्वच्छता और नशामुक्ति जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की। उन्होंने शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों और अभियानों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी से अपील कि इन अभियानों को केवल कागजों तक सीमित न रखकर धरातल पर प्रभावी रूप से उतारा जाए, ताकि एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण हो सके।

बैठक के उपरांत पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत ग्राम के समीप पवित्र पारिजात के पौधे का रोपण किया गया। उपस्थित सदस्यों ने इस पौधे की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रस्फुटन समिति के समस्त सम्मानित सदस्य, नवांकुर संस्था की सचिव कु. सरोज डहेरिया और **MSW** के छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने क्षेत्र के विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का भरोसा दिया।

# शासकीय न्यू मल्टी स्कूल में लगाई गई शुद्ध शीतल पानी की मशीन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

शासकीय न्यू मल्टी स्कूल गुरुनानक वार्ड मे पवन मालू, श्रीमती मालू द्वारा शुद्ध शीतल पानी की मशीन लगाई गई जिसे पाकर शाला के बच्चे और स्टाप बहुत प्रसन्न हुआ उनके द्वारा मालू परिवार का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया गया इसके पूर्व इसी शाला मे आपके द्वारा डेस्क बेंच उपलब्ध करायी गई थी यह शाला जिले की समस्त शासकीय शालाओं मिडिल मे उत्कृष्ट है मीन्स की परीक्षा मे दो बच्चो का सिलेक्शन हुआ है इस अवसर पर वार्ड पार्षद राज़िक अकील, दीदी कांता ठाकुर, प्रेम प्रकाश नायक अन्ना भैय्या, वाहिद,संजय साहू, कमल गौर सर उपस्थित रहे।

# 99.30 प्रतिशत के साथ अमित सिगोतिया ने किया शानदार प्रदर्शन

## नीट-यूजी 2026 में हासिल की 13,808 ऑल इंडिया रैंक..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सिवनी जिले के छपारा के पास स्थित ग्राम अंधियारी का रहने वाला छात्र ने अपनी लगन और मेहनत के चलते ऑनलाइन पढ़ाई करके आज पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

बता दें कि छात्र के पिता मजदूरी करके अपना परिवार का पालन करते हुए पिता ने अपना फर्ज निभाते हुए अपने बेटे को एक अच्छी शिक्षा देने के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जिसका आज जीता जागता उदाहरण देखने को मिला जहां आज पूरे प्रदेश में कतिया समाज के अलावा अपने माता-पिता और पूरे गांव का नाम रोशन करने वाला छात्र अमित सिगोतिया पिता राधेश्याम सिगोतिया ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा **NEET (UG)-2026** के घोषित परिणामों में जिले के प्रतिभाशाली छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 590 अंक (720 में से) प्राप्त किए हैं। उन्होंने 99.3052135 प्रतिशत हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार परिचय दिया है।और जारी स्कोर कार्ड के अनुसार अमित ने ऑल इंडिया रैंक **(AIR)** 13,808 प्राप्त की है। वे अनुसूचित जाति **(SC)** वर्ग से हैं और उनकी कैटेगरी रैंक 305 रही है। विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने बायोलॉजी में 99.58 परसेंटाइल, केमिस्ट्री में 99.51 परसेंटाइल तथा फिजिक्स में 98.99 परसेंटाइल प्राप्त किए हैं।

अमित की इस उपलब्धि से उनके परिवार, शिक्षकों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। उनकी सफ्लता को कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। इस शानदार प्रदर्शन से उन्होंने जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है।

गौरतलब है कि **NEET (UG)-2026** देशभर के मेडिकल एवं डेंटल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में से एक है। अमित सिहोटिया की इस सफ्लता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्य की ओर अधिक मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए उत्साहित होंगे।

# सांदीपनी विद्यालय में आयोजित हुई रसोईयों की प्रतियोगिता, शशि ने पाया पहला स्थान..



**जगप्रेरणा छपारा।**

***विकासखंड छपारा के सबसे बड़े और नगर छपारा के मध्य स्थित सांदीपनी विद्यालय में जनपद पंचायत के निर्देशन एवं पहल पर जनपद शिक्षा केन्द्र छपारा द्वारा प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में***



लगभग 7 से 8 हजार बच्चों को प्रतिदिन प्रधानमंत्री पोषण आहार उपलब्ध कराने वाली रसोईयों की विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण सत्र 2026-27 का आयोजन दिनांक 17 जुलाई दिन शुक्रवार को किया गया। राज्य शासन के निर्देश अनुसार संपूर्ण प्रदेश के प्रत्येक जनपद केन्द्र में क्रमवार आयोजित रसोईयों की इन प्रतियोगिताओं के क्रम में विकासखंड के आठों जनशिक्षा केन्द्रों से 32 रसोईयों ने हिस्सा लिया। निर्णायक समिति के द्वारा अवलोकन पश्चात सभी के बनायें एवं प्रदर्शित व्यंजनों के के परिणाम घोषित किये जाकर विजेताओं के रूप में शशि डेहरिया को प्रथम पुरस्कार राशि 5000 रू., दो द्वितीय पुरस्कार राशि 3000 रू., तीन तृतीय पुरस्कार राशि 2000 रू., तीन सांत्वना पुरस्कार राशि 1000 रू. के चेक सभी को प्रदान किए गए। शेष सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गये। आयोजन में जिला पंचायत से प्रधानमंत्री पोषण आहार प्रभारी चौधरी मैडम, विश्वकर्मा मैडम तथा नगर परिषद अध्यक्ष निशा पटेल, प्राचार्य रहमतकर जी, बी आर सी सी रविशंकर ठाकुर की उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा मिली।

कार्यक्रम के संयोजक प्रभारी बीएसी घनश्याम सनोड़िया, राकेश तिवारी, मंजूलाल इनवाती ने अपनी पूर्णकालिक उपस्थिति से कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन किया। विकासखंड के समस्त जनशिक्षकों एवं कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षकों ने अपनी पूर्णकालिक उपस्थिति एवं सहभागिता के द्वारा कार्यक्रम को भव्यता एवं सफलता सुनिश्चित की।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में केरल के विद्यार्थियों ने हिन्दी में लिखे पत्र, बालाघाट की संस्कृति से हुए प्रभावित





जगप्रेरणा वारासिवनी।

***जवाहर नवोदय विद्यालय, वारासिवनी में राष्ट्रीय एकता एवं छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत केरल जैसे अहिंदीभाषी प्रदेश से आए विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा के प्रति अद्भुत रुचि और लगाव का परिचय दिया है।***

इन विद्यार्थियों ने न केवल हिन्दी सीखने में उत्साह दिखाया, बल्कि अपने माता-पिता को हिन्दी में पत्र लिखकर बालाघाट जिले की समृद्ध संस्कृति, वेशभूषा, खानपान एवं लोकसंस्कृति का सुंदर वर्णन भी किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री संदीप जैन ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभ में हिन्दी भाषा से अपरिचित रहे ये विद्यार्थी अब इतनी सहजता से हिन्दी में अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा हिन्दी में पत्र लेखन करना इस बात का प्रमाण है कि भाषा के माध्यम से सांस्कृतिक एकता को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। प्राचार्य ने यह भी बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में जहां अन्तरदेशीय पत्र लेखन की परंपरा लगभग विलुप्त होती जा रही है, वहीं इन विद्यार्थियों द्वारा अपने माता-पिता को पत्र लिखना एक सुखद और प्रेरणादायक पहल है। इससे न केवल भाषा का विकास हो रहा है, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव भी सुदृढ़ हो रहा है। विद्यार्थियों ने अपने पत्रों में बालाघाट की प्राकृतिक सुंदरता, स्थानीय खानपान की विविधता, पारंपरिक वेशभूषा और लोकसंस्कृति की झलक को बड़े ही भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। इस गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह और प्रसन्नता देखी गई।

इस महत्वपूर्ण गतिविधि के सफल संचालन में हिन्दी विभाग के प्रमुख श्री बी.आर. पटेल, श्री दीपेश जैन, श्रीमती यशोधरा सिंह एवं मोहम्मद अयाज़ अंसारी का विशेष योगदान रहा। सभी ने उप प्राचार्य श्री रणवीर सिंह के मार्गदर्शन में समन्वयपूर्वक कार्य करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय परिवार ने इस पहल को राष्ट्रीय एकता, भाषाई समरसता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया है।

# वारासिवनी न्यायालय में विशेष लोक अदालत संपन्न: आपसी समझौते से चेक बाउंस के मामलों का त्वरित निपटारा..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार को वारासिवनी न्यायालय में चेक बाउंस (धारा-138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम) के लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।***

यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के अध्यक्ष माननीय प्राणेश कुमार प्राण एवं सचिव सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:00 बजे हुई, जिसमें आपसी समझौते के आधार पर चेक बाउंस मामलों का निपटारा किया गया।

## दो खंडपीठों में हुई सुनवाई, लाखों रुपयों का हुआ सेटलमेंट

विशेष लोक अदालत के सुचारू संचालन के लिए वारासिवनी न्यायालय में कुल 02 खंडपीठों का गठन किया गया था। इन पीठों ने मिलकर कुल 5 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करते हुए कुल ₹3,60,000/- की राशि का सेटलमेंट करवाया:खंडपीठ क्रमांक 01: अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती की पीठ ने 02 मामलों का सफल निराकरण किया, जिसमें कुल ₹1,30,000/- की समझौता राशि प्राप्त की गई। इस खंडपीठ में सुलहकर्ता सदस्य के रूप में एडवोकेट मनीषा जायसवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खंडपीठ क्रमांक 02: न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री नयन जैन की पीठ ने 03 मामलों का निराकरण किया, जिसके तहत ₹2,30,000/- की समझौता राशि आपस में तय की गई। इस पीठ में एडवोकेट मयंक चौबे सुलहकर्ता सदस्य रहे।

## आपसी सहमति से विवाद हमेशा के लिए खत्म

इस अवसर पर एडवोकेट कलिहारी ने अपने एक विशेष प्रकरण की जानकारी साझा करते हुए बताया कि माननीय न्यायाधीश श्रीमती कविता इवनाती की कोर्ट में उनके एक मामले का राजीनामा आपसी समझौते से बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

इस मामले में एडवोकेट कलिहारी स्वयं अपीलार्थी (याचिकाकर्ता) की ओर से पैरवी कर रहे थे, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से उत्तरवादी मिर्जा सलीम बेग न्यायालय में उपस्थित थे। सुलहकर्ता सदस्य मनीषा जायसवाल के विशेष प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनी, जिसके बाद न्यायालय में राजीनामा प्रस्तुत किया गया। राजीनामा मंजूर होते ही यह लंबित प्रकरण हमेशा के लिए समाप्त हो गया।

## राजीनामा करने पहुंचे पक्षकारों में देखा गया उत्साह

न्यायालय परिसर में आयोजित इस विशेष लोक अदालत में राजीनामा करने पहुंचे पक्षकारों में उत्साह देखा गया। मौके पर ही दोनों पक्षों को सुनकर आपसी सहमति से फैसले कराए गए। इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए पहुंचे पक्षकारों ने विधिक सेवा प्राधिकरण की इस त्वरित न्याय प्रणाली की सराहना की, जिससे न सिर्फउन्हें मुकदमों के मानसिक तनाव से राहत मिली बल्कि उनके समय और धन की भी बड़ी बचत हुई।

# वारासिवनी में 19 जुलाई को निकलेगी भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा, तैयारियां जोरों पर..

## सांस्कृतिक चेतना, लोकआस्था और सामाजिक समरसता का दिखेगा अनूठा संगम..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***उड़ीसा के जगन्नाथपुरी में निकाली जाने वाली जगन्नाथ यात्रा की तर्ज पर स्थानीय वारासिवनी नगर में आगामी 19 जुलाई को शाम 4 बजे से भव्य श्री जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाएगी। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री रामलला सेवा समिति द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।***

समिति की विशेष बैठक राम मंदिर में आयोजित कर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में यात्रा की पूरी रूपरेखा तय की गई।

## रथयात्रा का धार्मिक महत्व

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से प्रारंभ होकर दस दिनों तक चलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना, लोकआस्था और सामाजिक समरसता का बड़ा उत्सव है। यह हजारों वर्षों की परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जिसमें भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच सड़क पर आते हैं।

इस यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि साल में केवल एक बार महाप्रभु जगन्नाथ, अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा जी के साथ मंदिर के गर्भगृह से बाहर निकलकर आम जनता को दर्शन देते हैं। इस यात्रा में बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के व्यक्ति को भगवान का रथ खींचने और उनके दर्शन करने का सौभाग्य मिलता है।

## रथयात्रा आपसी भाईचारे का प्रतीक: संजय सिंह कछवाह (संरक्षक)

तैयारियों को लेकर समिति के संरक्षक संजय सिंह कछवाह ने कहा कि: ÷वारासिवनी नगर में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा का आयोजन हम सभी के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। यह यात्रा आपसी भाईचारे का संदेश देती है। जब भगवान खुद नगर भ्रमण पर निकलते हैं, तो पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है। हमारा प्रयास है कि नगर के हर घर तक आमंत्रण पहुंचे और सभी लोग इसमें शामिल हों।÷।

## धार्मिक आयोजन से जागृत होती है नई ऊर्जा: संजय रूसिया (पूर्व अध्यक्ष)

समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय रूसिया ने रथयात्रा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि: ÷इस तरह के भव्य धार्मिक आयोजनों से समाज में एक नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा हमारे पूरे वारासिवनी क्षेत्र के कल्याण और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगी। हम सभी नगरवासियों का यह दायित्व है कि इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनें। इसलिए समिति के सदस्य रात-दिन एक करके इस यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हुए हैं।÷

## इन मार्गों से गुजरेगी भगवान की यात्रा: अभिषेक भैयू अग्रवाल (सचिव)

समिति के सचिव श्री अग्रवाल ने यात्रा के रास्तों की जानकारी देते हुए बताया कि: ÷यह रथयात्रा 19 जुलाई को शाम 4:00 बजे जैन मोहल्ला स्थित श्री कृष्ण मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा जी के रथ नगर के मुख्य मार्गों—गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक, नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक और दीनदयाल चौक होते हुए वापस बस स्टैंड मार्ग से होकर श्री राम मंदिर पहुंचेंगे, जहां यात्रा का समापन होगा। पूरे रास्ते में जगह-जगह स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।÷

## वार्डों और मंदिरों में पहुंचकर किया गया जनसंपर्क: राकेश सोनी (अध्यक्ष)

समिति के अध्यक्ष (राकेश सोनी) ने बताया कि: ÷रथयात्रा की तैयारियां पिछले एक महीने से चल रही हैं। हमारी टोलियों ने नगर के अलग-अलग वार्डों और मंदिरों में जाकर लोगों से सीधा संपर्क किया है। इसके तहत वार्ड नंबर 3 के शारदा मंदिर, शिव मंदिर व शीतला मंदिर, वार्ड नंबर 11 के शिव शक्ति हनुमान मंदिर, वार्ड नंबर 9 (अयोध्या बस्ती) के दुर्गा माता मंदिर के साथ-साथ जोड़ा पीपल, जागेश्वर शिव मंदिर, दत्तात्रय मंदिर और ब्रह्मकुमारी आश्रम जैसी प्रमुख सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से संपर्क किया गया है। साथ ही नगर के विभिन्न संगठनों जैसे ड्रिम वुमेन और अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी मिलकर इस आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। यात्रा की समाप्ति पर श्री राम मंदिर में सभी भक्तों के लिए भात प्रसादी (महाप्रसाद) वितरण की विशेष व्यवस्था रहेगी। हमारी सभी नगरवासियों से अपील है कि सपरिवार आकर भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ कमाएं।÷

# जिले में 18 जुलाई तक 377 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

## वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 522 मिलीमीटर और खैरलांजी तहसील में सबसे कम 219 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 18 जुलाई 2026 तक कुल 377 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 622 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्यी वर्षा 1447 मिलीमीटर है***

और इसमें से 539 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 18 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 48 मिमी, वारासिवनी में 69 मिमी, बैहर में 25 मिमी, लांजी में 19 मिमी, कटंगी में 58 मिमी, किरनापुर में 56 मिमी, खैरलांजी में 50 मिमी, लालबर्रा में 62 मिमी, बिरसा में 17 मिमी, परसवाड़ा में 30 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 62 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 18 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 522 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 219 मिलीमीटर वर्षा खैरलांली तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 488 मिलीमीटर, बैहर में 449 मिलीमीटर, लांजी में 339 मिलीमीटर, कटंगी में 330 मिलीमीटर, किरनापुर में 507 मिलीमीटर, लालबर्रा में 361 मिलीमीटर, बिरसा में 222 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 310 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 394 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 803 मिलीमीटर, वारासिवनी में 978 मिलीमीटर, बैहर में 764 मिलीमीटर, लांजी में 338 मिलीमीटर, कटंगी में 625 मिलीमीटर, किरनापुर में 567 मिलीमीटर, खैरलांजी में 275 मिलीमीटर, लालबर्रा में 732 मिलीमीटर, बिरसा में 440 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 733 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 586 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# कृषि महाविद्यालय बालाघाट में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कृषि महाविद्यालय, बालाघाट में 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वारासिवनी थाना प्रभारी श्री अनूप कुमार उइके ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा, करियर और समाज सभी को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से अनुशासित जीवन, सकारात्मक सोच और अच्छे संस्कार अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि नशामुक्त युवा ही राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करने, कानून के प्रति जागरूक रहने तथा स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. घनश्याम देशमुख ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षण संस्थान केवल शिक्षा प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण के केंद्र भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नशामुक्त जीवन अपनाकर समाज में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर सहायक उपनिरीक्षक श्री राजकपूर रंगारे ने नशीले पदार्थों से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रधान आरक्षक श्री सुजीत कटांगले ने युवाओं से खेल, योग, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भलावे ने नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. सुरेन्द्र राय, डॉ. रामकृष्ण सिंह सोलंकी, डॉ. पूजा गोस्वामी, डॉ. ऋषिकेश ठाकुर, डॉ. विक्रम सिंह गौर, डॉ. राजू पांसे, डॉ. रमेश अमले, डॉ. श्रद्धा करचो, डॉ. सुनील रजक, डॉ. उत्तम बिसेन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशामुक्त समाज के निर्माण तथा स्वयं नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ ली और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

# डायरिया रोको अभियान: पिपरिया हुड़कीटोला में पानी की गुणवत्ता जांची, ग्रामीणों को स्वच्छता का दिया संदेश

जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा 'डायरिया रोको अभियान' प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यपालन यंत्री बी.एल. उइके के निर्देशन में संस्था नई रोशनी के फील्ड समन्वयकों ने वारासिवनी विकासखंड के ग्राम पिपरिया हुड़कीटोला का भ्रमण कर विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा गतिविधियों का आयोजन किया।

अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में फील्ड टेस्ट किट (एफटीके) के माध्यम से पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वयं पानी की गुणवत्ता जांचने की विधि भी सिखाई गई, ताकि वे दूषित पानी की पहचान कर जलजनित बीमारियों से बचाव कर सकें।

इस अवसर पर विभागीय टीम ने ग्रामीणों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्कूली बच्चों को साबुन से हाथ धोने के छह चरणों (6 स्टेप्स) का व्यावहारिक प्रदर्शन कर स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्हें बताया गया कि भोजन बनाने और खाने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोना डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

फील्ड समन्वयकों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा शुद्ध एवं ढककर रखा हुआ पानी ही उपयोग करें तथा पेयजल स्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जागरूकता, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के उपयोग से ही डायरिया सहित अन्य जलजनित रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पुरी में रथयात्रा के दौरान चोरों ने साफ किए हाथ, पुलिस ने अबतक 103 को किया गिरफ्तार, 203 मोबाइल बरामद..

डेस्क जगप्रेरणा।

*ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा के दौरान श्रीजगन्नाथ धाम में लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए पुरी पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।*



इसी के तहत स्नेचिंग, जेबकतरी और चोरी जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विशेष एंटी-स्नेचिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस दौरान हुई चोरी का खुलासा करते हुए अब तक 103 स्नेचरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 203 चोरी हुए मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ये मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस सौंप दिए जाएंगे।

## पुलिस की टीम करती रही निगरानी..

जानकारी के मुताबिक, रथ यात्रा के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस, विशेष एंटी-स्नेचिंग टीम और सिविल ड्रेस में तैनात पुलिसकर्मियों ने मिलकर लगातार निगरानी की। भीड़भाड़ वाले इलाकों में संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखी गई, जिससे झपटमारी की घटनाओं को रोकने में काफी मदद मिली। सुरक्षा व्यवस्था के तहत ग्रैंड रोड, श्रीजगन्नाथ मंदिर के आसपास का क्षेत्र, समुद्र तट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पार्किंग स्थल और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई। इन स्थानों पर पुलिस ने चौबीसों घंटे ड्यूटी करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए रखी।

## चोरी करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार..

एंटी-स्नेचिंग टीमों ने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, खुफिया सूचनाओं और आधुनिक जांच तकनीकों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें समय रहते गिरफ्तार किया। इसी वजह से रथ यात्रा के दौरान स्नेचिंग की घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सका। चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर आरोपियों तक पहुंचना इस अभियान की बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल लोगों की संपत्ति वापस मिल सकेगी, बल्कि ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।

## पुलिस ने आम लोगों से की अपील..

पुरी पुलिस हमेशा श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील करती है कि वे भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अपने मोबाइल फोन, पर्स, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान का विशेष ध्यान रखें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या झपटमारी जैसी कोई घटना हो, तो उसकी सूचना तुरंत पास में मौजूद पुलिसकर्मी या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुरी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एंटी-स्नेचिंग अभियान आगे भी और अधिक सख्ती से जारी रहेगा तथा ऐसे अपराधों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# गुना में तस्करों की बेकाबू कार का कहर, पति-पत्नी की मौके पर मौत, मासूम घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*गुना के कैंट थाना क्षेत्र के मावन में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां केंद्रीय नारकोटिक्स विभाग की टीम से बचकर भाग रहे डोडा चूरा तस्करों ने अपनी तेज रफ्तार कार से दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी।*



इस भीषण हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी चालक अपनी कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। कुछ ग्रामीण भी इस हादसे में घायल हुए हैं।

## ट्रक पकड़ने पहुंची थी नारकोटिक्स टीम..

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय नारकोटिक्स विभाग की टीम खुफिया सूचना के आधार पर डोडा चूरा से भरे एक ट्रक को पकड़ने के लिए गुना पहुंची थी।

नारकोटिक्स विभाग की टीम ने मावन इलाके में घेराबंदी की और जिस वक्त ट्रक का ड्राइवर एक पेट्रोल पंप पर डीजल भरवा था उसी वक्त उसे पकड़ लिया। नारकोटिक्स टीम द्वारा पकड़ने जाने पर हड़कंप मच गया। इस बीच ट्रक को एस्कॉर्ट करने वाली कार में सवार लोगों को जैसे ही पता चला कि नारकोटिक्स विभाग की टीम ने ट्रक को पकड़ लिया है, कार चालक ने कार को मोड़ लिया और गुना-अशोकनगर मार्ग की ओर भागने की कोशिश की।

## भागने के दौरान मचाया कहर..

इसी दौरान शाम करीब 7.30 बजे मावन से आगे एक मोड़ पर उसने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार ने घर के सामने खड़ी एक अन्य बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ बैठा बच्चा छिटककर सड़क पर जा गिरा, जिसे गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कार की चपेट में आने से घर के बाहर खड़े कुछ ग्रामीण भी घायल हुए हैं। हादसे के बाद आरोपी चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया।

वहीं इस भीषण हादसे के बाद नारकोटिक्स की टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल बच्चे को तुरंत अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं कैंट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## 106 किलो से ज्यादा का मादक पदार्थ जब्त..

बता दें कि इससे पहले पिछले महीने गुना में पुलिस ने नशे के अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 106 किलो से ज्यादा का मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया। पुलिस ने एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

गुना के म्याना थानाक्षेत्र में पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी करते हुए एक सफेद फोर्स्ट ट्रेक्स वाहन को रोक लिया। पुलिस ने जंगली एरिया में ये कार्रवाई की। गाड़ी को रोके जाने पर ड्राइवर ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# एक ही बाथरूम में 2 शव!

# धनबाद में महिला और नौकरानी की रहस्यमयी मौत, करंट या कुछ और?

डेस्क जगप्रेरणा।

*धनबाद के पुटकी थाना क्षेत्र की बीसीसीएल ए-टाइप कॉलोनी में बुधवार शाम सनसनीखेज स्थिति देखने को मिली जब एक घर के बाथरूम में 2 महिलाओं के शव मिले। मृतक महिलाओं की पहचान 50 वर्षीय शोभा सिन्हा और 40 वर्षीय शांति देवी के रूप में हुई है।*



स्थानीय लोगों और परिजनों का आरोप है कि मौत की वास्तविक वजह अस्पष्ट है और मामले की निष्पक्ष व गहन जांच होना आवश्यक है।

## बाथरूम में संदिग्ध हालत में मिले शव..

घटना के अनुसार, करीब चार महीने बाद अपने बेटी के घर से अपने घर लौटने वाली शोभा सिन्हा घर की सफाई में लगी थी और उनके साथ काम कर रही घरेलू नौकरानी शांति देवी भी घर पर मौजूद थी। पड़ोसियों ने बताया कि अचानक दोनों महिलाओं के शव बाथरूम में संदिग्ध हालत में पाए गए।

सूचना मिलने पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

## कोविड में परिवार के एक सदस्य की गई जान, अब एक और त्रासदी..

घटना के बाद कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है। किसी को यकीन नहीं हो रहा कि शांत इलाके में ऐसी त्रासदी कैसे घट सकती है। पड़ोसी राकेश कुमार ने कहा, 'यह कॉलोनी सुरक्षित मानी जाती है, सुबह सामने यह दृश्य देखकर हम सब हिल गए। दोनों महिलाओं की अचानक मौत ने सभी को अंदर तक झकझोर दिया।÷ परिजनों का कहना है कि परिवार पहले ही कोविड के दौरान एक सदस्य खो चुका है और अब यह दूसरी बड़ी त्रासदी ने उन्हें तबाह कर दिया है। उन्होंने सरकारी जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सच्चाई सामने लाने की मांग जोरदार तरीके से की है।

## पुलिस ने क्या कहा?

पुलिस ने शुरुआती बयान में कहा कि घटना करंट लगने से हुई प्रतीत होती है। पुटकी थाना प्रभारी वकार हुसैन ने बताया, 'दोनों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया करंट से मौत का अनुमान है, लेकिन अंतिम कारण पोस्टमार्टम और फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही साफ होगा।' हालांकि परिजनों और कुछ स्थानीयों ने इस निष्कर्ष पर सवाल उठाए हैं और कहा कि घर की विद्युत व्यवस्था, पाइपलाइन या किसी और तरह की लापरवाही का पक्ष भी जांचा जाना चाहिए।

## कॉलोनी के लोग क्या आशंका जता रहे?

कुछ स्थानीय लोगों ने यह भी कहा कि मामला साफ-सफाई के समय अचानक घटा और दोनों महिलाएं साथ थीं, इसलिए अगर विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की गड़बड़ी थी तो उसे तुरंत उजागर किया जाना चाहिए। कॉलोनी के कई लोग यह भी आशंका जता रहे हैं कि पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों की कमी या अव्यवस्थित तारों ने जानलेवा करंट का कारण बना हो सकता है। इन अटकलों के बीच पुलिस ने क्षेत्रीय बिजली विभाग को भी घटना स्थल का निरीक्षण करने के लिए बुलाया है, ताकि किसी तकनीकी खराबी का पता लगाया जा सके। स्थानीय प्रशासन और पुलिस पर दबाव बढ़ने लगा है कि मामले की पारदर्शी और त्वरित जांच की जाए। परिवारों ने स्वतंत्र फॉरेंसिक जांच की मांग की है ताकि किसी भी शंका का निष्पक्ष समाधान हो सके। कॉलोनी के सामाजिक नेता और मुखिया भी घटनास्थल पर पहुंच कर परिजनों के साथ बातचीत कर रहे हैं और शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दे रहे हैं।

## कॉलोनी में डर का माहौल..

धनबाद में हुए इस हादसे ने न केवल उस एक मुनासिब कॉलोनी को हिला कर रख दिया है बल्कि इलाके में सुरक्षा, बिजली व्यवस्था और घरेलू सुरक्षा मानदंडों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट

और फोरेंसिक निष्कर्षों के आने के बाद ही मौत के असली कारण का खुलासा होगा, लेकिन तब तक कॉलोनी में भय का माहौल बरकरार है और लोग सच जानने के लिए बेचैनी से इंतजार कर रहे हैं।

# पांढुर्णा में मोटरसाइकिल सवार की पैंट की जेब में मोबाइल फोन फटा, व्यक्ति झुलसा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*मध्यप्रदेश के पांढुर्णा जिले में शनिवार को मोटरसाइकिल सवार 30 वर्षीय एक व्यक्ति पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन फटने से झुलस गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह घटना शनिवार पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे पांढुर्णा-परसोडी मार्ग पर हुई। उन्होंने बताया कि एक निजी कंपनी में कार्यरत संदीप परतेती मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे कि इसी दौरान उनकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन फट गया, जिससे उनकी पैंट में आग लग गई।


अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई और परतेती करीब 12 फुट तक सड़क पर घिसटते चले गए। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. निलेश धाडसे ने बताया कि परतेती की जांघ और कमर के ऊपरी हिस्सा झुलस गया, इसके अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय जांच में उनके एक पैर की हड्डी के टूटने की पुष्टि हुई है। चिकित्सक ने बताया कि परतेती करीब नौ प्रतिशत तक झुलसे हैं।

धाडसे ने बताया कि जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद परतेती को नागपुर के एक अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया और उनके पैर का ऑपरेशन रविवार को किया जाएगा। परतेती के साथ मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे उनके सहकर्मी विजय ने बताया कि उन्होंने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक परतेती की जांघ बुरी तरह झुलस चुकी थी। उन्होंने बताया कि परतेती ने संबंधित मोबाइल फोन करीब दो वर्ष पहले नागपुर से खरीदा था। पुलिस के अनुसार, मोबाइल फोन में विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

# राजस्थान की छह वर्षीय बच्ची की गुजरात में संदिग्ध चांदीपुरा वायरस संक्रमण से मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*राजस्थान के डूंगरपुर जिले की छह वर्षीय बच्ची की पड़ोसी राज्य गुजरात में मौत हो गई और स्वास्थ्य अधिकारियों को आशंका है कि उसकी मौत चांदीपुरा वायरस (सीएचपीवी) के संक्रमण से हुई।*



अधिकारियों ने हालांकि कहा कि इसकी पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। अधिकारियों के अनुसार, डूंगरपुर में धंबोला क्षेत्र के रतनपुरा गांव की निवासी बच्ची के नमूने 15 जुलाई को गुजरात के हिम्मतनगर सिविल अस्पताल में लिए गए थे और उसी दिन उसकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मौत के बाद बच्ची के परिवार के सदस्य उसके शव को गांव ले आए। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को शुरुआत में इस मामले की जानकारी नहीं थी। अधिकारियों ने बताया कि हिम्मतनगर अस्पताल ने बच्ची के नमूने लेने के बाद गुजरात सरकार को मामले की जानकारी दी। इसके बाद गुजरात के स्वास्थ्य विभाग ने राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग को सतर्क किया क्योंकि बच्ची डूंगरपुर की रहने वाली थी। राजस्थान स्वास्थ्य विभाग के जयपुर स्थित मुख्यालय को 18 जुलाई को इसकी जानकारी मिली जिसके बाद डूंगरपुर के स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी हरकत में आए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि गांव में स्वास्थ्य दल तैनात किए गए हैं और वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक प्रभावित इलाके में 353 लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है।

गुप्ता ने कहा कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं और लोगों को अपने घरों एवं आसपास सफाई रखने, पानी जमा न होने देने तथा मच्छरों और मक्खियों से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है। चांदीपुरा वायरस मच्छर, किलनी और रेत मक्खी जैसे वाहकों से फैलने वाला वायरस है, जो मुख्य रूप से 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है। इसके संक्रमण से बुखार, फ्लू जैसे लक्षण और मस्तिष्क में तीव्र सूजन हो सकती है।

# बुलंदशहर में पुत्र ने फावड़े से वार कर पिता की हत्या की, आरोपी हिरासत में..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*बुलंदशहर जिले के कोतवाली नगर क्षेत्र में शनिवार को एक युवक ने अपने पिता की कथित तौर पर फावड़े से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी पुष्पेंद्र ने अपने पिता रामप्रताप (68) की फावड़े से वार कर हत्या कर दी।*

पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि शनिवार शाम करीब चार बजे कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के देवीपुरा प्रथम मोहल्ले में एक व्यक्ति द्वारा अपने पिता की हत्या किए जाने की सूचना मिली।

उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि पुष्पेंद्र और उसके पिता रामप्रताप के बीच संपत्ति को लेकर विवाद था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुष्पेंद्र को हिरासत में ले लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# दिल्ली के बवाना में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*बाहरी दिल्ली के बवाना इलाके में शनिवार सुबह मोटरसाइकिल सवार तीन हमलावरों ने 45 वर्षीय एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।*




वहीं, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि दो दिन पहले उन्होंने उसकी जान को खतरा होने की सूचना पुलिस को दी थी। परिजनों ने यह आरोप भी लगाया कि कनाडा में बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के करीबी सहयोगी कहे जाने वाले विक्की हांडल ने हत्या की साजिश रची है।

परिजनों का दावा है कि घटना के बाद हांडल का परिवार भी अपना घर छोड़कर फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने कहा कि फिलहाल इस घटना के गैंगवार से जुड़े होने के कोई तत्काल संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पूठ खुर्द निवासी जोगिंदर उर्फकाला के रूप में हुई है।

पुलिस ने कहा कि पीसीआर (पुलिस नियंत्रण कक्ष) को सुबह करीब 8.15 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। घायल जोगिंदर को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल का अपराध शाखा और फोरेंसिक टीम ने निरीक्षण किया तथा वहां से कई खोखे बरामद किए। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। परिजनों के अनुसार, जोगिंदर पास के एक प्लॉट पर गया था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग वहां पहुंचे और उस पर करीब सात गोलियां चलाने के बाद फरार हो गए।

जोगिंदर के रिश्तेदारों ने आरोप लगाया कि उन्होंने पुरानी रंजिश के कारण जोगिंदर की जान को खतरा होने की आशंका जताते हुए दो दिन पहले पुलिस को लिखित शिकायत दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले की जांच के लिए समय मांगा था। पुलिस ने कहा कि हत्या के पीछे की सटीक वजह का अभी पता नहीं चल पाया है और मृतक के परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## पीवी सिंधु ने जापान ओपन के फाइनल में बनाई जगह, सेमीफाइनल में चीन की चेन यूफेई को दी मात..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु का जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में चीन की खिलाड़ी चेन यूफेई के खिलाफ शानदार प्रदर्शन देखने को मिला और वह फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का करने में कामयाब हो गई हैं।***




पीवी सिंधु पहली बार अपने करियर में जापान ओपन के फाइनल में पहुंचने में सफल हो पाई हैं। चीन की खिलाड़ी के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबला सिंधु के लिए आसान नहीं था क्योंकि इससे पहले पिछले 5 मुकाबलों में उनको हार का सामना करना पड़ा था।

इस मैच के पहले सेट को सिंधु ने काफी करीबी अंतर से अपने नाम किया था तो वहीं दूसरे सेट में जब वह 15-10 से आगे थी तो वहीं उसी दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण यूफेई को मैच के दूसरे गेम में हटना पड़ा। अब 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच में पीवी सिंधु का सामना अकाने यामागुची और कुसुमा वर्दानी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता खिलाड़ी से होगा।

### सिंधु ने पहले सेट से ही बनाया दबदबा, दूसरे में भी बना रखी थी बढ़त..

जापान ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले में पीवी सिंधु का पहले सेट से दबदबा देखने को मिल रहा था, जिसमें उन्होंने एक समय 10-5 के अंतर से बड़ी बढ़त बना रखी थी। इसके बाद यूफेई ने वापसी करते हुए पहले सेट को रोमांचक बना दिया। जिसमें दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे को बिल्कुल प्वाइंट बनाने का कोई भी मौका नहीं दे रहे थे। एक समय में पहले सेट में मुकाबला 19-19 से बराबरी पर आ गया था, जिसके बाद सिंधु ने अगले 2 प्वाइंट हासिल करते हुए पहला सेट जीतते हुए मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

दूसरे सेट की शुरुआत होने के साथ ही सिंधु ने अपनी लय को नहीं गंवाया और जब वह 15-10 के अंतर से आगे थी तो उस समय चीन की खिलाड़ी चेन यूफेई हैमस्ट्रिंग की चोट के चलते उन्हें हार माननी पड़ी। इससे पहले पीवी सिंधु को क्वार्टर फाइनल मैच में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोआमी ओकुहारा के खिलाफ वॉकओवर मिला था।

### दो साल बाद खेलेंगी कोई फाइनल मुकाबला..

पीवी सिंधु का साल 2026 में काफी शानदार फॉर्म देखने को मिला है, जिसमें उन्होंने अपनी वर्ल्ड रैंकिंग जो पहले 18 थी उसमें भी काफी सुधार करते हुए 9 पहुंचा ली है। सिंधु दो साल के लंबे अंतराल के बाद किसी टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेलेंगी। इससे पहले उन्होंने साल 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का फाइनल मैच खेला था जिसे वह जीतने में कामयाब रही थी।

## प्रियंका चोपड़ा बनीं 'मंदाकिनी', देसी गर्ल के बर्थडे पर स्स राजामौली ने 'वाराणसी' से शेयर किया नया लुक, फैंस हुए एक्साइटेड..

डेस्क जगप्रेरणा।

***प्रियंका चोपड़ा मशहूर फिल्ममेकर एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' से इंडियन सिनेमा में धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में हैं।***



कुछ महीने पहले साड़ी पहनकर एक्शन करती हुई एक्ट्रेस का एक पोस्टर जारी किया गया था। अब शनिवार, 18 जुलाई 2026 को देसी गर्ल के 44वें जन्मदिन पर राजामौली ने एक और धांसू लुक शेयर किया है। मेकर्स ने फिल्म से उनकी दो नई तस्वीर शेयर की, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फैंस को प्रियंका चोपड़ा का 'मंदाकिनी' लुक बहुत पसंद आ रहा है।

### वाराणसी में प्रियंका चोपड़ा निभाएंगी 'मंदाकिनी' का रोल..

डायरेक्टर एसएस राजामौली ने प्रियंका चोपड़ा की, जो दो तस्वीरें शेयर कीं। उसमें से एक में वह ब्लैक आउटफिट में गुस्से में दिख रही हैं, जबकि दूसरी में वह मुस्कुराती और खुशी से नाचती हुई नजर आ रही हैं। राजामौली ने सोशल मीडिया पर नई तस्वीर और एक बिहाइंड-द-सीन्स इमेज शेयर करते हुए लिखा, 'मुस्कुराते समय ग्रेस। न मुस्कुराने पर आग। मंदाकिनी... **#Varanasi** में **@PriyankaChopra**।' इसके पहले महेश बाबू का लुक सोशल मीडिया पर चर्चा में था।

### मंदाकिनी' बन प्रियंका चोपड़ा ने जीता दिल..

जैसे ही प्रियंका की तस्वीर सामने आई। सोशल मीडिया पर फैंस ने उनके नए लुक पर जमकर प्यार लुटाया। एक यूजर ने लिखा, 'फर्स्ट लुक सप्रियंका चोपड़ा एसएस राजामौली की वाराणसी में मंदाकिनी बनी हैं। महेश बाबू ने रुद्र की भूमिका निभाई है, जबकि पृथ्वीराज सुकुमारन ने कुंभ की भूमिका निभाई है।' वहीं कुछ यूजर्स ने प्रियंका चोपड़ा का 'मंदाकिनी' लुक देखने के बाद उन्हें जंगली बिल्ली का टैग दिया।


### महेश बाबू ने 'देसी गर्ल' को जन्मदिन की बधाई दी..

महेश ने एक्ट्रेस को बर्थडे विश करते हुए एक पोस्ट शेयर किया और लिखा, 'सिर्फ एक 'मंदाकिनी' को जन्मदिन की बधाईज आने वाला साल आपके लिए बहुत शानदार हो **PC..** आपको ढेर सारा प्यार और हमेशा खुश रहने की शुभकामनाएं!!!' बता दें कि महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा की यह साथ में पहली फिल्म है, जो लोगों के बीच लंबे समय से चर्चा में बनी हुई है। 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली यह फिल्म तेलुगु भाषा के अलावा हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

## सोबर्स ने क्रिकेट की तस्वीर बदल दी, हम सभी के प्रेरणास्त्रोत थे: कपिल देव..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारत को 1983 विश्व कप दिलाने वाले कप्तान कपिल देव ने वेस्टइंडीज के महान हरफनमौला सर गारफील्ड सोबर्स को क्रिकेट को नया आयाम देने वाला खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि उन्होंने खेल के प्रति खिलाड़ियों की सोच***



और खेलने का तरीका ही बदल दिया। सोबर्स का 89 साल की उम्र में शुक्रवार को बारबाडोस स्थित उनके घर पर निधन हो गया। अपने शानदार करियर में उन्होंने 93 टेस्ट मैचों में 57.78 की औसत से 8,032 रन बनाए, जिसमें 26 शतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 235 विकेट भी अपने नाम किए।

कपिल ने यहां केडीएसजी (कपिल देव-संजय गुप्ता) अस्पताल में पीटीआई से कहा, 'जो भी क्रिकेट को जानता है, वह गैरी सोबर्स को जरूर जानता होगा। वह इस खेल के सबसे महान क्रिकेटरों में से एक थे।' उन्होंने कहा, 'उन्होंने जिस अंदाज में क्रिकेट खेला, उसने हम जैसे खिलाड़ियों को प्रेरित किया। उनका जाना बेहद दुखद है, लेकिन वह हमें अपनी प्रतिभा, खेल और विरासत के रूप में बहुत कुछ देकर गए हैं, जिससे हम जीवनभर सीखते रहेंगे।'

कपिल देव ने कहा कि सोबर्स की असाधारण प्रतिभा और खेल के प्रति उनका जुनून ही उन्हें महान बनाता था।

उन्होंने कहा, 'उनकी प्रतिभा, खेल का आनंद लेने का तरीका और खेलने की शैली उन्हें सबसे अलग बनाती थी। उस दौर में वेस्टइंडीज की टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में थी, लेकिन सोबर्स ने रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ लोगों की यह सोच भी बदल दी कि क्रिकेट कैसे खेला जाए और उसका लुत्फ कैसे उठाया जाये।'

इस 67 साल के पूर्व खिलाड़ी ने बताया कि सोबर्स ने पारंपरिक क्रिकेट कोचिंग की सोच भी बदल दी। उन्होंने कहा, 'मुझे सबसे ज्यादा यही बात याद है कि उन्होंने एमसीसी (मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब) की पारंपरिक कोचिंग पद्धति को बदल दिया। उस समय बल्लेबाजों को 'वी' (सीधे बल्ले से लांग ऑफ से लांग ऑन की दिशा में) में खेलने की सलाह दी जाती थी, लेकिन सोबर्स ने दिखाया कि इसके बाहर भी रन बनाए जा सकते हैं। यह बात बचपन से मेरे मन में बस गई थी।'

खुद शानदार हरफनमौला रहे कपिल ने कहा कि ऑलराउंडर के रूप में सोबर्स का कोई मुकाबला नहीं था।

उन्होंने कहा, 'ऑलराउंडर तो और भी हुए हैं, लेकिन उनके स्तर का कोई नहीं। बल्लेबाजी, तेज गेंदबाजी, स्पिन गेंदबाजी, कमाल का क्षेत्ररक्षण हर क्षेत्र में उनका कोई सानी नहीं था। सबसे बड़ी बात यह थी कि वह दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना जानते थे। क्रिकेटर तो बहुत आते हैं, लेकिन असली मनोरंजन करने वाले बहुत कम होते हैं।'

उन्होंने कहा, 'वह शानदार क्रिकेटर थे। उनका जाना क्रिकेट जगत के लिए बड़ी क्षति है, लेकिन उनके खेलने के तरीके से हर खिलाड़ी सीख ले सकता है। उन्हें मेरा सलाम। उन्होंने जिंदगी को हमेशा खुलकर जिया।' कपिल ने सोबर्स के साथ बिताए पलों को याद करते हुए कहा, 'शाम को वह बैठकर बातें किया करते थे और हम सभी उन्हें बड़े ध्यान से सुनते थे। दिलचस्प बात यह थी कि वह क्रिकेट से ज्यादा जिंदगी के दूसरे पहलुओं पर बातें करते थे।'

## कुणाल खेमू ने लगाई कुशाल टंडन की क्लास, रो पड़े एक्टर, निखिल चिनापा को धक्का देना पड़ा भारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***'द अलायंस' का लेटेस्ट एपिसोड तब इमोशनल उतार-चढ़ाव वाला बन गया, जब कुशल टंडन और निखिल चिनापा की बहस बेकाबू हो गई।***



इस बहस के दौरान कुशाल जोर से निखिल को धक्का दे देते हैं, जिस पर होस्ट कुणाल खेमू ने बिना देर किए उन्हें हद पार करने के लिए टोका। इस ड्रामे के बाद टीवी एक्टर कुशाल टंडन को रोते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे होस्ट कुणाल के फटाकर लगाने के बाद कुशाल रो पड़ते हैं।

### कुणाल खेमू ने कुशाल टंडन को लगाई लताड़..

शनिवार को एपिसोड के रिलीज होने से पहले ऑनलाइन एक प्रोमो क्लिप सामने आई है, जिसमें कंटेस्टेंट्स और होस्ट कुणाल खेमू के बीच गहमागहमी देखने को मिली। यह लड़ाई कुशल और वंशज सिंह से जुड़ी एक पिछली बहस के कारण हुई थी। तीखी बहस के दौरान एक्टर कुशल ने दावा किया था कि उनका कॉन्ट्रैक्ट उन्हें शारीरिक रूप से जवाबी कार्रवाई करने की इजाजत देता है। अगर कोई साथी कंटेस्टेंट उन्हें मारने की धमकी दे। उस समय कुणाल ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताई और साफ किया कि शो के अंदर किसी भी कंटेस्टेंट को मारपीट करने की इजाजत नहीं है।

### निखिल को धक्का देना कुशाल को पड़ा भारी..

कुशाल के निखिल को धक्का देने के बाद कुणाल ने उन्हें उनकी पिछली बात याद दिलाई और पूछा कि क्या उन्हें लगता है कि वह खेल के नियमों से ऊपर हैं।

क्लिप में कुणाल को यह कहते हुए सुना जा सकता है। 'आपके कॉन्ट्रैक्ट में ही लिखा है आप हाथ उठा सकते हैं, बेइज्जती कर सकते हैं। आपके कॉन्ट्रैक्ट... आपका कॉन्ट्रैक्ट कोई अलग आया है? चार्ज आपने किया ना, यह अलाउड नहीं है, एक्सेप्टेबल नहीं है।'

### कुणाल खेमू की डांट सुन छलके कुशाल के आंसू..

बाद में सीमा सचदेह को कुशाल को दिलासा देते हुए देखा गया। उन्होंने कहा, 'तुम्हें उनकी चालों में नहीं फंसना चाहिए।' भावनाओं में बहकर कुशल रो पड़े और सिसकते हुए बोले, 'मैं अपने परिवार का इकलौता बेटा हूं। अगर मुझे कुछ हो गया तो उनका क्या होगा?'

### 'अलायंस' में वंशज सिंह की हुई वापसी..

'अलायंस' प्राइम वीडियो पर एक हाई-स्टेक्स, स्ट्रैटेजी-बेस्ड रियलिटी शो है, जिसे एक्टर कुणाल खेमू होस्ट करते हैं। शो से बाहर होने के बाद वंशज सिंह की 'अलायंस' में दूसरी बार एंट्री हो चुकी है। वहीं वंशज सिंह और रवि किशन की जगह एक्टर-फिल्ममेकर सोहेल खान, इन्फ्लुएंसर वृद्धि पटवा और आगु स्टेनली चिएडोज़ी गेम में शामिल हुए। हाल ही में कंटेंट क्रिएटर डॉली जावेद को बाहर का रास्ता देखना पड़ा है।

## अर्जेंटीना और स्पेन के बीच ऐसा रहा है हेड टू हेड रिकॉर्ड, वर्ल्ड कप में सिर्फ एकबार हुआ आमना-सामना..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज हुए एक महीने से अधिक समय बीतने के बाद अब सभी फैंस को फाइनल मुकाबले का काफी बेसब्री से इंतजार है, जिसमें डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना का सामना स्पेन से होगा।***



दोनों ही टीमों का फाइनल तक का सफर काफी शानदार देखने को मिला है, जिसमें अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को जहां 2-1 से मात दी तो वहीं स्पेन ने फ्रांस के खिलाफअपने सेमीफाइनल मैच को एकतरफा 2-0 से जीतने के साथ खिताबी मैच का टिकट हासिल किया। अब टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों के बीच में होने वाली इस भिड़ंत का इंतजार पूरा खेल जगत कर रहा है, जिसमें लियोनल मेसी और स्पेन के 19 साल के लामिन यमाल पर भी नजरें रहने वाली हैं। फीफा विश्व कप के इतिहास में दोनों टीमों का अब तक सिर्फ एकबार ही आमना-सामना हुआ है। वहीं ओवरऑल देखा जाए तो उसमें 14 मुकाबले अर्जेंटीना और स्पेन के बीच खेले जा चुके हैं।

### विश्व कप मैच में अर्जेंटीना ने दर्ज की थी जीत..

अर्जेंटीना और स्पेन की टीम के बीच में साल 1966 के विश्व कप में ग्रुप स्टेज में भिड़ंत हुई थी जिसको अर्जेंटीना 2-1 के अंतर से जीतने में कामयाब रही।

इसके बाद अब 60 साल बाद ये सिर्फ दूसरी बार होगा जब अर्जेंटीना और स्पेन का आमना-सामना विश्व कप के मुकाबले में होने जा रहा है। अर्जेंटीना और स्पेन के बीच में हेड टू हेड रिकॉर्ड को लेकर बात की जाए तो उसमें फ्रेंडली मैच मिलाकर कुल 14 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें दोनों ही टीमों ने 6-6 मैचों में जहां जीत हासिल की है तो वहीं 2 मुकाबले ड्रॉ पर खत्म हुए हैं।

### अर्जेंटीना की नजरें चौथी बार वर्ल्ड कप जीतने पर..

डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने अब तक विश्व कप को तीन बार अपने नाम किया है, जिसमें वह साल 1978, 1986 और 2022 में इसे जीतने में कामयाब रहे थे। वहीं अब उनकी नजरें चौथी बार इस खिताब को अपने नाम करने पर रहने वाली हैं, जिसमें यदि वह ऐसा करने में कामयाब होती हैं तो चार बार फीफा वर्ल्ड कप जीतने वाली जर्मनी और इटली के बाद सिर्फ तीसरी टीम बनेगी।

वहीं इस लिस्ट में पहले नंबर पर ब्राजील है जिन्होंने सबसे ज्यादा 5 बार विश्व कप के खिताब को अपने नाम किया है। स्पेन को लेकर बात की जाए तो उन्होंने सिर्फ एक बार साल 2010 में फीफा विश्व कप का खिताब जीता था।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

## 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में बिहार की टीचर के विवादित बयान पर मचा बवाल, 'मैन-हेटर' पर छिड़ी बहस, फूटा लोगों का गुस्सा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' अपने तीसरे एपिसोड के रिलीज होने के बाद एक बार फिर ऑनलाइन चर्चा में बन हुआ है। इस बार कंटेस्टेंट साक्षी झा अपने विवादित ऑडिशन की वजह से सुर्खियों में आ गईं।***




ऑडिशन के दौरान उन्होंने खुद को 'पुरुषों से नफरत करने वाली' बताया और कहा कि वह शराब पीने के बाद अपने पति को पीटना चाहती है। उनकी ये बातें और होस्ट समय रैना के साथ हुई बातचीत आग की तरह फैल रही है, जिसके बाद से सोशल मीडिया पर लोग अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं।

इस विवादित परफॉर्मेंस ने शो में एक नया रिकॉर्ड भी बनाया है। साक्षी इस सीजन की पहली ऐसी कंटेस्टेंट बन गई, जिन्हें जजिंग पैनल के सभी सदस्यों से जीरो पॉइंट्स मिले।

### साक्षी झा ने खुद को 'मैन-हेटर' बताया..

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन न करने पर समय रैना को हाल ही में 3 लाख का जुर्माना जमा करने के आदेश दिया था। इसी बीच अब कॉमेडियन समय का शो एक कंटेस्टेंट के विवादित बयान के कारण चर्चा में है। इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2 का तीसरा एपिसोड शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुआ, जिसमें साक्षी झा समेत कई नए कंटेस्टेंट्स शामिल थे। बिहार की रहने वाली टीचर और सोशल मीडिया क्रिएटर साक्षी अपने विवादित ऑडिशन की वजह से सबसे चर्चित कंटेस्टेंट्स में से एक बन गईं। अपने ऑडिशन के दौरान साक्षी ने खुद को 'मैन-हेटर' बताया और अपनी जिंदगी का गोल 'पति को दारू पीकर मारना है' बताया। बिहार की टीचर साक्षी झा ने आगे कहा कि वह न सिर्फ मर्दों को नापसंद करती है, बल्कि अपने पिता और भाई से भी नफरत करती है। साक्षी ने कहा:

'हाय, मैं साक्षी हूं और मैं एक मैन-हेटर हूं असल में मुझे मर्दों का ईगो तोड़ने में मजा आता है। मेरे दोस्त कहते हैं कि साक्षी, तू बहुत लेम है। ठीक है मैं हूं। मुझे लगता है कि मैं बड़ा आदमी बन ही नहीं सकती.. मैं कितना भी ट्राई कर लूं, क्योंकि मैं तो एक औरत हूं ना यार और इस जेनरेशन में औरत होना ट्रॉमा है ट्रॉमा। मैं सच में किसी जाति से नफरत नहीं करती, लेकिन मर्दों से नफरत करती हूं। मर्दों को आता क्या है, बनते ऐसे हैं कि मैं मर्द हूं। सच में? क्या तुम अपने पिता की कोख से पैदा हुए थे? तुम्हें जन्म देने वाली एक औरत थी, है ना? मैं अपने पापा और भाई को भी इसलिए पसंद नहीं करती, क्योंकि वो भी मर्द हैं।'

### साक्षी झा अपने पापा-भाई से करती है नफरत..

होस्ट समय रैना और जज तन्मय भट, विशाल ददलानी, रघु राम और यशराज मेहरा ने उनकी बातें सुन उन्हें जीरो पॉइंट्स दिए। इस तरह साक्षी इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2 की पहली ऐसी कंटेस्टेंट बन गईं, जिन्हें सभी जजों से जीरो पॉइंट्स मिले। इस बीच तन्मय ने साक्षी से पूछा कि पुरुषों के बारे में उनकी सोच पर उनके पिता का क्या रिएक्शन था? साक्षी ने कहा: 'मैं उनसे भी नफरत करती हूं। वे मेरे पिता हैं, लेकिन वे एक पुरुष भी हैं। मैं अपने दादा जी से भी नफरत करती हूं और वे मुझसे नफरत करते हैं, क्योंकि मुझे उनका पोता और मेरा भाई पसंद नहीं है।'

### साक्षी झा ने लेटेंट 2 पर बिहारी लोगों का किया अपमान..

बातचीत के दौरान साक्षी ने बिहार के लोगों के बारे में भी कई मजाकिया और अपमानजनक बातें कहीं। इस एपिसोड के आने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर साक्षी के ऑडिशन क्लिप ने धमाका कर दिया। उनकी बातों की सोशल मीडिया यूजर्स ने कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि वहां के आदमी अच्छे नहीं है और इस वजह से वह उन्हें पसंद नहीं करती।

जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## सिवनी,बालाघाट ,गोंदिया और भंडारा जिले की भाग्य रेखा 'वैन गंगा'..

हमारी भारतीय वैदिक धर्म संस्कृति एवं संस्कार की प्रतीक ÷मां वैन गंगा जी÷ सिर्फ एक नदी ही नहीं है अपितु हमारी आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है।हमारे मध्य प्रदेश के सिवनी एवं बालाघाट जिले के साथ ही महाराष्ट्र के गोंदिया एवं बालाघाट जिले की भाग्य रेखा भी है। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के गोपालगंज नगर के समीप मुण्डारा नामक ग्राम के राजोबा तालाब के एक कुंड से उद्गमित वैन गंगा जी के उद्गम स्थल मुंडारा को हमारे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती जी ने ÷गंगा के उद्गम स्थल गंगोत्री के तुल्य÷ माना है।हमारे वैदिक धर्म संस्कृति एवं सभ्यता के प्रति आस्थावान संतों, साधुओं, ऋषि मुनियों ने मां वैनगंगा जी को मां गंगा जी का ही स्वरूप माना है। कूर्म पुराण के साथ ही श्रीमद भागवत महापुराण के पांचवें स्कंध के 19 वें अध्याय के 18 वें श्लोक में ÷ वैणया÷ के नाम से उल्लेखित पुण्य सलिला कालान्तर में वैन गंगा के रूप में हमारे मानव जीवन की रक्षक एवं एक वरदान है।

प्राचीन दंत कथाओं में उल्लेखित जानकारी के अनुसार प्राचीन वनवासी कन्या गंगा एवं उसके प्रेमी बेनी की प्रेम कहानी ही बेनी गंगा के रूप में परिणित होकर अंत में ÷वैन गंगा ÷ नाम से प्रसिद्ध हुई।गंगा जो कि शाश्वत प्रेम के कारण बेनी को हृदय से प्यार करती थी,दोनों विवाह के इक्छुक थे।किंतु गंगा के पिता ने दोनों के समक्ष यह शर्त रखी कि ÷प्रातः काल से सूर्यास्त तक, बेनी, को उनका खेत हाथों में कुदाल लेकर खोदना, (जोतना) पड़ेगा ।पानी तक पीने नहीं मिलेगा जब तक खेत पूरी तरह खोद कर नहीं हो जाता। बेनी ने गंगा से अत्यधिक लगाव एवं शाश्वत प्रेम के कारण गंगा के पिता की यह शर्त मान ली।अगले दिन सूर्योदय के साथ ही कुदाल लेकर बेनी गंगा के पिता के खेत को जोतने के पहुंच गया शर्त के अनुसार पानी का मटका खेत से दूर रख दिया गया ताकि प्यास लगने पर बेनी चोरी छिपे भी पानी नहीं पी सके। खेत खोदते खोदते बेनी पसीने से नहा गया।प्यास भी बहुत तीव्र लगी उसे किंतु गंगा से विवाह की शर्त के अनुसार पसीने से लथ पथ और प्यास से व्याकुल होकर भी बेनी खेत खोदता ही रहा सूर्यास्त होने में कुछ ही देर बची थी और खेत का भी थोड़ा सा ही हिस्सा खोदने के लिए बचा था।गंगा दूर से यह दृश्य देख रही थी। प्यास से भरपूर व्याकुल बेनी की यह दुर्दशा उससे देखी नहीं गई तो वह स्वयं जल से भरा मटका लेकर बेनी की ओर दौड़ पड़ी। तभी अचानक एक कुदाल लगते ही पानी की धार फूट पड़ी और कुछ ही पलों में पूरा खेत पानी से लबालब भर गया जिसमें डूबता हुआ बेनी दोनों हाथ निकालकर गंगा, गंगा चिल्लाने लगा गंगा ने पानी से भरा मटका वहीं छोड़कर बेनी के हाथों में अपने हाथ मिलाते हुए बेनी बेनी कहा।पानी के तेज बहाव में बेनी और गंगा बहते हुए बहुत दूर निकल गए ।अंत में दोनों वर्धा के समीप एक स्थल पर पहुंचे और दोनों ने एक दूजे से लिपटकर देह त्याग कर दिए। इस दंत कथा के अनुसार ही बेनी और गंगा का मिलन ही ÷ वैन गंगा ÷ है जो महाराष्ट्र के वर्धा नामक स्थल के समीप। परिणीता नदी के नाम से जानी जाती है।

एक अन्य लोक कथा के अनुसार वर्तमान महाराष्ट्र का भंडारा जिला पूर्व में भंडक देश कहलाता था।जिसका राजा पुण्य सलिला मां गंगा जी के दर्शन एवं स्नान हेतु प्रतिवर्ष त्रिवेणी संगम तीर्थ राज प्रयाग जाया करता था एवं वहां से गंगा जल लेकर आया करता था। अत्यंत वृद्धावस्था के कारण राजा ने प्रति वर्ष प्रयाग नहीं आ पाने की व्यथा मां गंगा जी से प्रकट की तो मां गंगा जी ने उसे स्वप्न में दर्शन देते हुए गंगा जल को एक शीशी में भरकर ले जाने कहा तथा उस गंगा जल से भरी शीशी को रास्ते में कहीं भी भूमि पर नहीं रखने के लिए कहा। भंडक देश का राजा आज्ञानुसार प्रयाग से एक शीशी में गंगा जल भरकर अपने राज्य की ओर निकल पड़ा। रास्ते भर वह शीशी को अपने हाथों में ,लेकर चला।विश्राम के समय शीशी को अपने सीने से लगाकर रखता ।काफी लंबी यात्रा के कारण एक स्थान पर आकर राजा ने बहुत ज्यादा थकान महसूस किया ।तो पुनः गंगा जल से भरी शीशी को सीने से लगाकर विश्राम करने लगा।अचानक गहरी नींद में शीशी लुढ़क कर, धरती पर गिर पड़ी ।और उस स्थान पर जल की धार निकलने लगी जिसने थोड़ी देर में ही एक छोटे तालाब का रूप ले लिया।यही तालाब सिवनी जिले के समीप गोपालगंज के निकट मुंडारा ग्राम का राजोरा तालाब है। जहां से वैन गंगा जी का उद्गम स्थल माना जाता है। ऐसी पावन पवित्र वैन गंगा नदी

गोपाल गंज, लखनवाड़ा, मुंगवानी, मझगवां, दिघोरी, भीम गढ़, छपारा, उगली, केवलारी, छिंदलई, बेहरई, ढूटी घाट, पोठ्या पाट, (लालबर्रा), कन्जई, कनकी, खैरी, कुम्हारी, बजरंग घाट, शंकर घाट, जागपुर घाट, गाय खुरी, बगड़मारा, हट्टा, रजेगांव, गर्रा, रेंगाटोला, भाँडी, पिपरिया, दीनी, बेनी, सतोना, लावणी, फुटारा, रामपायली के समीप, कुम्हली, खैरी, तुमसर होते हुए भंडारा तक न जाने कितने प्राकृतिक सौंदर्यपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों की आम जनता को शुद्ध पेय जल उपलब्ध करवाते हुए कृषि एवं उद्योग को विकसित, पल्लवित एवं पोषित करती है।महाराष्ट्र में गोदावरी, कन्हान और वर्धा नदी से मिलते हुए परिणीता नदी के रूप में, महा नदी के रूप में समुद्र में समाहित हो जाती है।

अपनी गंगा सी पावन वैन गंगा के हजारों भक्त कुछ विशेष अवसरों पर्वो एवं विशेषकर, गंगा दशहरा, मकर संक्रांति, माघ पूर्णिमा, गुरु पूर्णिमा, सोमवती अमावस्या, शरद पूर्णिमा आदि के दिन वैन गंगा जी की आरती , करते हैं , वैन गंगा चालीसा , अष्टक , वैन गंगा स्त्रोत का पाठ करते हैं।उक्त वैन गंगा जी की आरती, चालीसा अष्टक एवं स्त्रोत का सृजन भी मेरे द्वारा विश्व में पहली बार किया गया है।जिसका विश्व कीर्तिमान लंदन बुक ऑफवर्ड रिकॉर्ड में दर्ज है।उक्त कृति का विमोचन सुप्रसिद्ध राष्ट्र संत आचार्य तरुणसागर जी महाराज के कर कमलों किया गया था एवं लोकार्पण जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी सरस्वती जी के हस्ते सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल गुरु रत्नेश्वर स्फटिक शिवलिंग धाम में किया गया।

आधुनिक समय में अनेकों समाज के लोग मृत्यु संस्कार, जन्म संस्कार, मूर्ति विसर्जन, भुज ली विसर्जन आदि कार्यक्रम वैन गंगा जी के तट पर करते हैं।निर्माण कार्य हेतु हजारों टन रेती का उत्खनन किया जाता है।

विभिन्न उद्योगों का प्रदूषित द्रव्य जल वैन गंगा जी में प्रवाहित होता है।पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हमारी सरकार अनेकों प्रयास कर रही है।जिसमें हमें सहयोग देना चाहिए जिससे हमारी भाग्य रेखा हमारा भविष्य उज्जवल बनाए रखे।।

जय मां वैन गंगा जी की

प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'
9424979678

## दशा महा दशा..

काश!
माता-पिता!
बड़े-बुजुर्ग परिवार!
इष्ट मित्रों की शव यात्रा!
अंतिम बिदाई कांधे पर पैदल!
शवदाह लेकर गए होते!
अनन्तकाल तक पुण्यकर्म होता!
आज इनके लिए समय नहीं होता!
शव वाहन आता है!
पलक-झपक चलते बना!
राम नाम सत्य की गुंज गई!
आंखो पर गम नहीं रहता!
दूसरी ओर देख लीजिए!
जुलूस की रौनक!
शरीर में माला की भरमार!
उत्साह की लहर!
कई किलोमीटर
पैदल चले जा रहे!
वीडियो, फोटोग्राफी
का संचार!
यहाँ इनके लिए!
समय ही समय!
घर संसार की
कोई चिन्ता नहीं!
शवयात्रा और जुलूस यात्रा!
महान अन्तर आ गया है!
कितना बदल गया इंसान?

रचनाकार



आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'


## दो मुक्तक..

इस तरह से बिखरे हैं
जीवन में हम
अब संवरने की बातें
भी चुभ जाती है।
यूं तो रोज पैदा होती है
तमन्नाएं मगर
शाम तक वो भी शराब
में डूब जाती है।
क्या कहें की दिन देखें
है कैसे-कैसे
खैर समय है,कट
जायेगा जैसे-तैसे।
आज के समय में
सम्बन्ध बने रहने
बहुत कुछ मायने
रखते हैं पैसे-वैसे।



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 221




भाई

**Åij ls uhps &** 1) पिता 2) उष्ण 3) हनुमानजी का एक नाम 4) गीला, भीगा हुआ 5) धोखा, विश्वासघात 6) अंतर 7) नापित 8) दुर्घटना 9) सौभाग्य 10) महर्षी वेद व्यासद्वारा रचित एक महाकाव्य 11) हराना अर्थवाला एक मुहावरा 12) जहां कमल के फूल खिले है ऐसा सरोवर 13) गुण आदि में बड़ों से बढ़कर होना अर्थवाला एक मुहावरा 15) तारीख 18) बरगद का पेड़ 20) शोक या दुःखसूचक एक शब्द 23) बारह राशियों में से एक 24) एक लाख 25) धनवान 28) नजदीक, निकट, अड़ोस पड़ोस 30) ताकतवर 31) कीर्ति अर्जित करना 33) एक फल, शरीफा 37) मलबा, टूटी इमारत के ईंट, पत्थर आदि 40) एक तारवाला एक वाद्य 42) चुने हुये सदस्यों की सभा, कौन्सिल 46) तुल्य, बराबर 47) पश्चिम बंगाल के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुल नाम 48) रामायण में रावण का पुत्र 50) दौड़ लगानेवाला 52) गायब, गुप्त 53) नकुल, एक जीव 54) विजय प्राप्त करना 55) भूदान आन्दोलन के प्रणेता का कुल नाम 56) कांच का लम्बी गरदनवाला एक पात्र 57) एक कंद जिसे खाने पर खुजलाहट होती है 58) जेब काटनेवाला 61) एक उपदिशा 62) चर्चा, वादविवाद 63) वेग 64) शिवाजी महाराज के एक पुत्र का नाम 65) देह, शरीर 67) तृतीय क्रमवाली 68) सरस्वती 71) तोता 72) कर्मदाता का अपभ्रंश 73) स्वच्छ 75) मुगल बादशाह के लिये प्रयुक्त एक संबोधन 76) निर्मलता, श्रृंगार, सफाई 78) तेल, केले के छिलके आदि पर पैर पड़ने से गिर पड़ना 80) नरसिंह 82) मुसलमान लोग इस महीने में रोजा रखते है 83) कलंकित 85) बूंद बूंद करके गिरने का शब्द 86) गणित का एक विभाग 88) छुट्टी 90) उद्धार करना, पार करना 93) घमंड, अभिमान 94) कोश कर्ता, शब्दकोश कर्ता 95) मात्र, केवल 98) उपहार 99) रुपया–पैसा 102) निष्ठा 105) चांदी 107) आंखो में डाला जानेवाला काला अंजन 110) हवा, पवन 111) पातक 113) पर्याप्त, अब और नहीं 115) किश्ती (जवाब अगले अंक में)

**ck;s ls nk;s &** 1) उत्तर प्रदेश का एक शहर जो किसान नेता अजीतसिंह का निर्वाचन स्थल है 5) लाश को जमीन में गाड़ना 8) पुराणों में वर्णित एक नागराज 11) स्वामी 14) पालन करनेवाला ईश्वर (उर्दू) 16) बचा 17) हाथी हांकनेवाला, हाथी की देखभाल करनेवाला 19) बहुत बड़ा, श्रेष्ठ 21) चित्त, अन्तःकरण 22) न्यूनता, अभाव 24) सौदा करनेवाला, व्यापारी 26) किराया 27) योग्य, सक्षम 29) सुबकी लेना 32) सीख, शिक्षा, उपदेश 34) भगवान 35) रक्षा करनेवाला 36) समान सतह का, सपाट 38) आनंद, मस्ती 39) जो बासा न हो 40) 'इन' का एकवचन 41) गरम होना 43) पेन्सिल का लिखा मिटाने का एक साधन 44) नाव के मस्तूल से लगाकर ताना हुआ मोटा कपड़ा 45) ले जानेवाला, वहन करनेवाला 46) यात्रा 49) संतोष, निराकरण, तृप्ति 51) बहुत सम्पन्न, धन सम्पन्न 53) 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा' ऐसा नारा देनेवाले भारतीय स्वतंत्रता सेनानी 57) सन्नाटा, उजाड़ 58) जेवर का बहुवचन 59) हमारे प्राचीनतम आद्य ग्रंथ जिनकी संख्या चार बतायी गया है 60) विजय 62) कायम 65) एक तालवाद्य जिसकी ऊपरी भाग पर चमड़ा मढ़ा होता है 66) बेटे या बेटी का बेटा 68) हत्या 69) सप्ताह 70) श्रीरामजी की पत्नी 72) सोना, सुवर्ण 74) खुलेआम, सबके सामने 76) हरदम, प्रतिदिन 77) पागल, विक्षिप्त 79) दौड़ लगानेवाला (अंग्रेजी) 81) प्रशंसा, पक्षपात 84) मस्तक रेखा, भाग्य रेखा 87) युद्ध 89) एक स्थान पर न रहकर अलग अलग स्थानों में रमनेवाला 91) एक पेड़ जिसकी पत्तियां कडुवी रहती है 92) पानी से मैल आदि साफ करना, धोना 94) मुलायम 96) स्वादिष्ट 97) सजीव, शक्तिशाली 100) बाल कहानियों में वर्णित कल्पित पंखवाली सुंदर स्त्री 101) एक मंगल वाद्य 103) तंग करना 104) भेंट करना या उपहार देना इस अर्थवाला एक मुहावरा 106) वेश्या 108) काम, कार्य 109) प्रति माह 112) धर्म 114) त्यागना 116) गेंहू में लगनेवाला कीड़ा 117) उलजलूल 118) दंड 119) रामायण में कुश के भाई

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 'रोमांटिक डेट', संपत्ति खरीद मामले में दिल्ली दुनिया में सबसे सस्ती; पर वेतन में सबसे पीछे: रिपोर्ट

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***'रोमांटिक डेट' के लिए दिल्ली दुनिया के विभिन्न शहरों के मुकाबले सबसे सस्ता है और यहां संपत्ति खरीदना भी अपेक्षाकृत काफी किफायती है। हालांकि, विश्व के अन्य प्रमुख शहरों की तुलना में यहां के लोगों का वेतन काफी कम है।***

रहन-सहन की लागत और जीवन स्तर पर नजर रखने वाली एक वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गयी है। डॉयचे बैंक की 'मैपिंग द वर्ल्ड्स प्राइसेज 2026' रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में कम खर्चे पर 'डेट' पर जाना यानी रूमानी मुलाकात की लागत 103 डॉलर (लगभग 9,920 रुपये) आती है, जबकि इस सूचकांक में सबसे महंगे शहर जिनेवा में इसके लिए 475 डॉलर (लगभग 45,750 रुपये) खर्च करने पड़ते हैं। इस रिपोर्ट में विभिन्न शहरों की कीमतों, वेतन और जीवन स्तर की तुलना की गई है।

रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि दिल्ली में दुनिया का सबसे सस्ता ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपलब्ध है, जहां मासिक कनेक्शन की लागत 7.3 डॉलर (लगभग 703 रुपये) है, जो सर्वेक्षण में शामिल 69 शहरों में सबसे कम है।

हालांकि, जीवन स्तर की रैंकिंग में दिल्ली शीर्ष 50 शहरों में जगह बनाने में नाकाम रही। इस रैंकिंग में क्रय शक्ति, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवा, रहन-सहन की लागत, आवास कीमत, यात्रा का समय, प्रदूषण और जलवायु जैसे कारकों को शामिल किया जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, कम खर्चे पर 'डेट' पर जाने से जुड़े सूचकांक में वाइन की एक बोतल, एक जोड़ी जींस, एक पोशाक, दो कप कॉफी, दो लोगों का भोजन, दो सिनेमा टिकट, एक तरफके दो परिवहन टिकट और पांच किलोमीटर की टैक्सी यात्रा की लागत को शामिल किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तुलना में दिल्ली में संपत्ति की कीमतें अभी भी कम हैं। यहां संपत्ति की औसत कीमत 2,465 डॉलर प्रति वर्ग मीटर (करीब 2.37 लाख रुपये) है। इस आधार पर दिल्ली दुनिया के प्रमुख शहरों की सूची में 65वें स्थान पर है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अन्य प्रमुख शहरों की तुलना में पिछले दशक से दिल्ली में संपत्ति की कीमतों में डॉलर के लिहाज से 9.8 प्रतिशत गिरावट आई है। हालांकि 2019 के बाद इनमें 15.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वहीं मासिक वेतन के मामले में वर्ष 2026 में 69 शहरों की सूची में दिल्ली 66वें स्थान पर रही। यहां औसत शुद्ध मासिक वेतन 538 डॉलर (करीब 51,800 रुपये) है, जो न्यूयॉर्क के वेतन स्तर का केवल 10 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में औसत मासिक वेतन 2012 में 633 डॉलर, 2016 में 653 डॉलर, 2019 में 556 डॉलर, 2025 में 607 डॉलर और 2026 में 538 डॉलर रहा।

वहीं, वेतन के मामले में ज्यूरिख शीर्ष पर रहा, जहां औसत शुद्ध मासिक आय 8,363 डॉलर (करीब 8,05,200 रुपये) रही। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में दिल्ली में वेतन डॉलर के लिहाज से 17.7 प्रतिशत घटा है, जबकि 2019 के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह रिपोर्ट डॉयचे बैंक के शोध संस्थान के जिम रीड और गैलिना पोज्डन्याकोवा ने तैयार की है और 13 जुलाई को प्रकाशित की गई। रिपोर्ट के लिए मुख्य रूप से नंबियो के सामुदायिक आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया, जिनकी डॉयचे बैंक की शोध टीम ने जांच और विश्लेषण किया।

कॉफी पसंद करने वालों के लिए भी दिल्ली दुनिया के सबसे सस्ते शहरों में शामिल है। यहां एक सामान्य कैपेचीनो कॉफी की कीमत 2.40 डॉलर (करीब 231 रुपये) है, जिससे दिल्ली इस सूचकांक के 10 सबसे सस्ते शहरों में शामिल है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली के प्रमुख केंद्रों में तीन बेडरूम वाले एक मकान का मासिक किराया करीब 685 डॉलर (करीब 65,970 रुपये) है।

रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत भी डॉलर के लिहाज से न्यूयॉर्क के लगभग बराबर है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 1.05 डॉलर प्रति लीटर है, जबकि न्यूयॉर्क में यह 1.08 डॉलर प्रति लीटर है।

रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले एक दशक में दिल्ली में रोजमर्रा की कई वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में डॉलर के लिहाज से उल्लेखनीय गिरावट आई है। जिम सदस्यता की मासिक लागत 38.3 प्रतिशत, जींस की कीमत 36.9 प्रतिशत और गर्मियों की पोशाक की कीमत 26.5 प्रतिशत घटी है।

रिपोर्ट के अनुसार, बुनियादी सुविधाओं, मध्यम श्रेणी के रेस्तरां में भोजन और ब्रांडेड जींस जैसे उपभोक्ता उत्पादों की कीमतों के लिहाज से भी दिल्ली दुनिया के सबसे सस्ते शहरों में शामिल हैं।

# नीति आयोग के निवेश अनुकूलता सूचकांक में गोवा चौथे स्थान पर, शीर्ष पांच निवेश गंतव्यों में शामिल..

**पणजी, (भाषा)।**

***गोवा भारत के प्रमुख निवेश गंतव्यों में शामिल हो गया है। नीति आयोग के निवेश अनुकूलता सूचकांक 2026 में गोवा ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चौथा स्थान हासिल किया है। राज्य सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी।***

कुल 53.1 अंक के साथ गोवा राष्ट्रीय सूचकांक में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल है। तटीय राज्य ने सात शहर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है।

निवेश अनुकूलता सूचकांक (आईएफआई) आठ प्रमुख मानकों के आधार पर निवेश परिवेश का आकलन करता है। इनमें बुनियादी ढांचा, कारोबारी माहौल, संसाधन, नियामकीय सुगमता, संस्थागत वातावरण, वित्तीय स्थिति, सरकारी नीतियां और पर्यावरणीय स्थिरता शामिल हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, गोवा ने नियामकीय सुगमता में 71 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक अंक हासिल किए। इसके बाद संस्थागत परिवेश में 66 प्रतिशत, वित्तीय स्थिति में 61 प्रतिशत तथा बुनियादी ढांचे और संसाधनों में 56-56 प्रतिशत अंक मिले। राज्य ने मूल्यांकन किए गए आठ में से सात मानकों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया।

रिपोर्ट में मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में भी गोवा के प्रदर्शन को रेखांकित किया गया है। इसमें कहा गया है कि शहर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के प्रतिशत के रूप में कौशल विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र पर खर्च के मामले में गोवा सबसे आगे रहा। रिपोर्ट के अनुसार, गोवा में उच्च शिक्षा में कुल नामांकन का करीब 25 प्रतिशत हिस्सा विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) पाठ्यक्रमों में है। राज्य एसटीईएम नामांकन हिस्सेदारी और व्यावसायिक प्रशिक्षण क्षमता, दोनों मानकों पर अपनी श्रेणी में पहले स्थान पर है।

रिपोर्ट में गोवा के परिवहन और लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे को भी उसकी प्रमुख ताकत बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 0.35 प्रतिशत योगदान के बावजूद गोवा के दो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे देश की कुल हवाई अड्डा क्षमता में लगभग तीन प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। वहीं, राज्य के बंदरगाहों की राष्ट्रीय बंदरगाह क्षमता में करीब तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है। इनमें कंटेनर, सूखा थोक माल और पेट्रोलियम उत्पादों के लिए विशेष टर्मिनल शामिल हैं।

गोवा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बिजली मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की सबसे अधिक हिस्सेदारी के लिए भी जाना जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में पारेषण और वितरण (टीएंडडी) हानि करीब सात प्रतिशत है। सर्वेक्षण में शामिल कारोबारियों ने भरोसेमंद बिजली आपूर्ति, मजबूत सड़क एवं रेल संपर्क, भंडारण सुविधाओं और कुशल श्रमबल की उपलब्धता को प्रमुख लाभ के रूप में बताया।

# सरकार ने 'नेट मीटरिंग', खुली पहुंच नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए छूट अवधि दिसंबर तक बढ़ाई..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**



***सरकार ने एएलएमएम-दो के तहत नेट मीटरिंग और खुली पहुंच नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए छूट की समयसीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर, 2026 कर दी है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई)***

ने स्पष्ट किया कि सौर पीवी सेल के लिए मॉडल और विनिर्माता की स्वीकृत सूची (एएलएमएम)-दो के क्रियान्वयन को लेकर कोई बदलाव नहीं किया गया है। 'नेट मीटरिंग' एक बिलिंग प्रणाली है जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली से उत्पन्न बिजली में से अतिरिक्त बिजली ग्रिड को वापस भेजने के लिए क्रेडिट मिलती है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एएलएमएम नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। सरकार ने केवल कुछ चुनिंदा सौर परियोजनाओं के लिए दिसंबर 2026 तक अतिरिक्त राहत अवधि उपलब्ध कराई है। एमएनआरई ने कहा कि सौर पीवी सेल के लिए एएलएमएम सूची-द्वितीय लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एएलएमएम सूची-द्वितीय की अनिवार्यता में कोई व्यापक छूट नहीं दी जाएगी।


हालांकि, नेट मीटरिंग परियोजनाओं और खुली पहुंच नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सीमित अवधि की सुविधा दी गई है। इसके तहत ऐसी परियोजनाएं 31 दिसंबर, 2026 तक एएलएमएम सूची-द्वितीय (सौर पीवी सेल) से छूट के साथ शुरू की जा सकेंगी।

इससे पहले नेट मीटरिंग और खुली पहुंच नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के सीमित वर्ग के लिए यह सुविधा 31 मई, 2026 तक उपलब्ध थी। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम से स्वतंत्र सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माताओं को भी लाभ मिलेगा, क्योंकि इससे पहले से किए गए निवेश और उपलब्ध भंडार को अतिरिक्त मांग के जरिये संरक्षण मिलेगा।

मंत्रालय ने कहा कि इससे इन विनिर्माताओं को एएलएमएम सूची-द्वितीय में शामिल सौर सेल विनिर्माताओं से सेल की आपूर्ति बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। एएलएमएम सूची-द्वितीय में शामिल सौर सेल विनिर्माताओं की क्षमता लगातार बढ़ रही है। एमएनआरई ने कहा कि भारत को सौर पीवी विनिर्माण में आत्मनिर्भर बनाने और वैश्विक मूल्य श्रृंखला में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों में सौर पीवी विनिर्माण महत्वपूर्ण क्षेत्र बना हुआ है।

# यूपीआई पर एमडीआर लागू करने से पहले लागत के बोझ पर विचार जरूरी: उद्योग विशेषज्ञ

**नई दिल्ली, (भाषा)।**




***एकीकृत भुगतान प्रणाली (यूपीआई) लेनदेन पर व्यापारी छूट दर (एमडीआर) लागू करने को लेकर जारी बहस इस बात पर केंद्रित होनी चाहिए कि आखिरकार इसका वित्तीय बोझ कौन उठाएगा,***

न कि इस बात पर कि भुगतान कंपनियों को टिकाऊ आय मॉडल की आवश्यकता है या नहीं। उद्योग विशेषज्ञों ने यह राय व्यक्त की है। यूपीआई भुगतान पर एमडीआर वह शुल्क है जो डिजिटल लेनदेन की प्रक्रिया के लिए व्यापारियों (मर्चेंट्स) से लिया जाता है। इसके बैंकों या भुगतान मंचों द्वारा पूरी तरह वहन किए जाने की संभावना बहुत कम है।

इसके बजाय, यह व्यवसायों के लिए एक अतिरिक्त परिचालन लागत बन जाएगा, जिससे उनके मुनाफे पर दबाव पड़ सकता है, निवेश सीमित हो सकता है और उपभोक्ताओं को छूट देने की उनकी क्षमता कम हो सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि व्यापारी शुरू में इस अतिरिक्त लागत को खुद वहन कर सकते हैं, लेकिन आगे चलकर इसके कारण ग्राहकों को मिलने वाली पेशकश और छूट में कमी आ सकती है या वस्तुओं व सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं। यह स्थिति व्यापार करने की लागत को कम करने और खपत को बढ़ावा देने के व्यापक नीतिगत प्रयासों को प्रभावित कर सकती है।

विशेषज्ञों ने कहा कि इसका सबसे गहरा असर छोटे व्यापारियों, किराना दुकानों और उन अन्य व्यवसायों पर पड़ने की आशंका है जिन्होंने हाल के वर्षों में डिजिटल भुगतान को अपनाया है। एमडीआर की मामूली दर भी कम मूल्य वाले लेनदेन के लिए यूपीआई की स्वीकार्यता को हतोत्साहित कर सकती है, जिससे डिजिटल भुगतान अपनाने की रफ्तार धीमी हो सकती है।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों द्वारा डिजिटल भुगतान स्वीकार न करने या कम करने का असर व्यापक डिजिटल वाणिज्य परिवेश पर भी पड़ेगा। जो उपभोक्ता बिना किसी शुल्क और रुकावट के यूपीआई भुगतान के आदी हो चुके हैं, यदि व्यापारी यूपीआई लेनदेन को हतोत्साहित करने लगेंगे या बढ़ी हुई लागत का बोझ उन पर डालने लगेंगे, तो ग्राहकों के लिए भी डिजिटल भुगतान का उपयोग करने का प्रोत्साहन कम हो जाएगा।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह चर्चा केवल भुगतान के अर्थशास्त्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक राष्ट्रीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के रूप में यूपीआई की भूमिका से जुड़ी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि बैंकों, भुगतान कंपनियों और अन्य हितधारकों के पास भुगतान परिवेश में निवेश जारी रखने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन हो, लेकिन इसके लिए व्यापार करने की लागत नहीं बढ़नी चाहिए, न ही उपभोक्ता मांग कमजोर होनी चाहिए और न ही डिजिटल अपनाने की गति धीमी होनी चाहिए।

# पश्चिम एशिया संकट: पाकिस्तान अब दैनिक आधार पर तेल की कीमतों में करेगा बदलाव

**इस्लामाबाद, (भाषा)।**

***पाकिस्तान अब देश में पेट्रोल की कीमतों में दैनिक आधार पर बदलाव करेगा। इस कदम का मकसद पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण तेल की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से निपटना है।***

सरकार ने फरवरी के आखिर में अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से ही कीमतों को साप्ताहिक आधार पर तय करना शुरू कर दिया था। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के साथ शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मलेन में यह घोषणा करते हुए कहा कि मंत्रिमंडल ने कीमतें तय करने का काम 'तेल एवं गैस नियामकीय प्राधिकरण (ओजीआरए) को सौंपने का फैसला किया है। प्राधिकरण दैनिक आधार पर ईंधन की कीमतें तय करेगा।

ओजीआरए न केवल अपनी वेबसाइट पर ईंधन की वे दरें प्रकाशित करेगा जिनका उपयोग कीमतें तय करने में किया जाता है, बल्कि उन कारकों को भी प्रकाशित करेगा जिनकी वजह से हर पेट्रोल पंप पर हमें कीमतें दिखाई देती हैं।

सरकार हर सप्ताह तेल की कीमतें तय करती रही है, लेकिन कम ईंधन कीमतों का फायदा आम लोगों तक पहुंचाने में देरी के कारण उसे आलोचना का सामना करना पड़ा है।

ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद सात-दिनों में कीमत संशोधन की प्रक्रिया अपनाई गई थी। इससे पहले, कीमत हर पखवाड़े (15 दिन पर) तय की जाती थी।

मलिक ने कहा कि यह कदम सरकार के उस फैसले का हिस्सा है जिसके तहत प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है, ताकि लोग समझ सकें कि ईंधन की बढ़ती कीमतें क्यों जरूरी हैं।

उन्होंने कहा कि दैनिक आधार पर कीमतों की घोषणा अंतरराष्ट्रीय बाजार में सात-दिनों के साप्ताहिक औसत के आधार पर की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि नियमन के दायरे से बाहर करने की दिशा में एक और कदम के तौर पर, देश में कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुसार तय की जाएंगी, जिसके लिए किसी से सलाह लेने की जरूरत नहीं होगी।

मलिक ने ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की तुर्की यात्रा के बाद, तुर्किश पेट्रोलियम 20 साल के अंतराल के बाद पाकिस्तान में तेल और गैस उत्पादन के लिए अक्टूबर में आएगी।

सूचना मंत्री तरार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का संबंध क्षेत्र की बिगड़ती स्थिति से है और स्थिति को सुलझाने के पाकिस्तान के प्रयासों की 'पूरी दुनिया ने सराहना की है।'

इस बीच, 'ऑल पाकिस्तान पेट्रोल पंप ओनर्स एसोसिएशन' ने कीमतों को नियमन का दायरे से बाहर करने की प्रस्तावित नीति को खारिज कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस नीति को वापस नहीं लिया गया, तो वे अगले सप्ताह इसके खिलाफविरोध-प्रदर्शन और हड़ताल करने पर विचार करेंगे।

एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन नोमान अली बट ने कहा कि सरकार को अपनी नीति पर फिर से विचार करना चाहिए और अपनी समस्याओं का बोझ पेट्रोल पंप मालिकों पर नहीं डालना चाहिए।

एक वीडियो बयान में उन्होंने कहा, ''तेल विपणन कंपनियों के साथ दरें तय करने से पहले सभी संबंधित पक्षों को भरोसे में लिया जाना चाहिए।'

# स्लीमनाबाद सिंचाई सुरंग परियोजना विंध्य क्षेत्र के कई जिलों के लिए जीवनरेखा बनेगी : मोहन यादव

**भोपाल, (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि स्लीमनाबाद सिंचाई सुरंग विंध्य क्षेत्र में जल संकट को काफी हद तक दूर करेगी तथा कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए जीवनरेखा साबित होगी।***

मुख्यमंत्री ने लगभग 12 किलोमीटर लंबी इस सुरंग का निरीक्षण करने के बाद जारी एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा कि यह देश की सबसे लंबी सिंचाई सुरंग है।

उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी का जल खंभात की खाड़ी में चला जाता है, लेकिन विज्ञान का यह चमत्कार है कि इस ऐतिहासिक सुरंग के माध्यम से मां नर्मदा गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के क्षेत्र को हराभरा करेंगी।

यादव ने कहा, ''विंध्य क्षेत्र सभी प्रकार के संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन कुछ इलाके जल संकट से जूझते रहे हैं। स्लीमनाबाद सुरंग कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए जीवनरेखा बनेगी। चित्रकूट क्षेत्र में कुल 2.5 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। इससे पेयजल की समस्या का समाधान होगा और कई स्थानों पर बिजली का उत्पादन भी होगा।''



उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य में सिंचित क्षेत्र बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

यादव ने कहा कि 1,600 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली इस परियोजना में केंद्र सरकार ने लगभग 275 करोड़ रुपये का योगदान दिया है।

उन्होंने कहा, ''राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के कारण यह चुनौतीपूर्ण सुरंग परियोजना अब पूर्णता की ओर बढ़ रही है। यह सुरंग क्षेत्र के किसानों और व्यापारियों के लिए वरदान है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अध्ययन का विषय बनेगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ स्थानों पर 120 फुट तक गहरी यह सुरंग भीषण भूकंप की स्थिति में भी 100 वर्ष तक सुरक्षित रहेगी।

उन्होंने कहा, ''एक समय ऐसा था जब इस सुरंग का निर्माण पूरा होना असंभव लग रहा था, लेकिन मजबूत संकल्प और कठिन परिश्रम से सफलता मिली। कठिन चट्टानों के कारण कई बार चुनौतियां आईं, फिर भी पूरी टीम ने दृढ़ निश्चय के साथ काम पूरा किया।''

यादव ने कहा कि स्लीमनाबाद सुरंग परियोजना बुंदेलखंड और बघेलखंड के लिए बड़ी सौगात है तथा जल संसाधन विभाग ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सराहनीय कार्य किया है।

उन्होंने किसानों से अपनी जमीन किसी भी कीमत पर नहीं बेचने का आग्रह करते हुए कहा कि आने वाले समय में यह क्षेत्र पंजाब और हरियाणा से आगे निकलकर आर्थिक समृद्धि का केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय मध्यप्रदेश में सिंचित क्षेत्र 7.5 लाख हेक्टेयर था, जो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार के दौरान बढ़कर 44 लाख हेक्टेयर हो गया।

उन्होंने दावा किया कि पिछले ढाई वर्षों में यह बढ़कर 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# किसानों की मांगों को लेकर किसान कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

## मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा आंदोलन..

जगप्रेरणा लांजी।

***खेती-किसानी से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर शनिवार को लांजी में किसान कांग्रेस कमेटी ने सरकार के खिलाफमोर्चा खोलते हुए महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय***

अधिकारी (राजस्व)/ तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने अतिवृष्टि से फसल नुकसान, खाद की किल्लत, लंबित मुआवजा, धान के समर्थन मूल्य, बकाया बोनस तथा फसल बीमा की विसंगतियों सहित विभिन्न मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो किसान कांग्रेस एवं किसान संगठन व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

किसान कांग्रेस कमेटी लांजी के ब्लॉक अध्यक्ष मानिकलाल पांचे के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि क्षेत्र का किसान प्राकृतिक आपदाओं, बढ़ती कृषि लागत और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं से परेशान है। 7 जून से 15 जुलाई 2026 के बीच हुई अत्यधिक वर्षा एवं खेतों में जलभराव के कारण धान की रोपाई के लिए तैयार किए गए रोपे सड़कर नष्ट हो गए हैं। किसानों ने प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा देने की मांग की।








## लंबित मुआवजा और बोनस भुगतान की मांग..

किसानों ने वर्ष 2025-26 में अतिवृष्टि एवं कीट प्रकोप से हुई फसल क्षति का सर्वे होने के बावजूद अब तक मुआवजा नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सर्वे के आधार पर तत्काल राहत राशि जारी करने की मांग की। ज्ञापन में धान के समर्थन मूल्य और बोनस का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। किसानों ने कहा कि चुनाव के दौरान धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य देने का वादा किया गया था, जिसे लागू किया जाए। साथ ही वर्ष 2023-24 का 900 रुपये प्रति क्विंटल बकाया बोनस भी शीघ्र किसानों के खातों में जमा कराया जाए।

## खाद वितरण व्यवस्था पर उठाए सवाल..

ज्ञापन में रासायनिक खाद की कमी और ई-टोकन प्रणाली की अव्यवस्था को लेकर भी नाराजगी जताई गई। किसानों का कहना है कि घंटों इंतजार करने के बावजूद समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिससे खेती प्रभावित हो रही है। उन्होंने खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा ई-टोकन व्यवस्था को सरल एवं पारदर्शी बनाने की मांग की।

## फसल बीमा व्यवस्था में सुधार की मांग..

किसान कांग्रेस ने खाद, बीज एवं कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। वहीं फसल बीमा कंपनियों की जटिल प्रक्रिया के कारण वास्तविक पीड़ित किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में बीमा व्यवस्था को किसान हितैषी बनाने और सभी विसंगतियों को दूर करने की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मानिकलाल पांचे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे, जिला महासचिव आशीष श्रीवास्तव, टुमन घोरमारे, भरतलाल बनोठे, श्यामलाल बेदरे, राजू चौधरी, शिवचंद कालबेले, महेश मातरे, होमेश्वर घोरमारे, छबिलाल पांचे, जितेन्द्र बागड़े, प्रेमलाल कालबेले, सुरेन्द्र रामटेके, गौतराम मेश्राम, मंजू भालाधरे, ईश्वर उमरे, बाबूदास जांभरे, जीतू मोरघड़े, भोजराज फुंडे, श्रीमती मंदा नंदनवार, सोनिया उईके सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवती-सिंगला मार्ग को जोड़ने वाली पुलिया बदहाली अवस्था में

## जिम्मेदारों को घटना, दुर्घटना का इंतजार..





जगप्रेरणा लांजी।

***विकास के दावों और सरकारी योजनाओं की चमक के बीच ग्राम केरेगांव से सेवती-सिंगोला मार्ग को जोड़ने वाली पुलिया आज बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रही है,***

जिसने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी यह पुलिया हर दिन सैकड़ों लोगों के लिए खतरे का रास्ता बनी हुई है। सबसे अधिक चिंता उन मासूम स्कूली बच्चों की है, जो रोज इसी पुलिया से होकर स्कूल पहुंचते हैं। पुलिया की हालत देखकर ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इसका निर्माण नहीं कराया गया तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्राम केरेगांव से सेवती-सिंगोला मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है। यही मार्ग लांजी, देवलगांव, साडरा और कारंजा सहित आसपास के गांवों तक पहुंचने का महत्वपूर्ण माध्यम है। दोपहिया, चारपहिया वाहनों के साथ-साथ स्कूल वाहन भी लगातार इसी पुलिया से गुजरते हैं, लेकिन पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण हर गुजरने वाला व्यक्ति दुर्घटना की आशंका से डरा रहता है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिया की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। बरसात के मौसम में यह खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पुलिया के क्षतिग्रस्त हिस्से के कारण वाहन चालकों को संतुलन बनाकर निकलना पड़ता है, जबकि भारी वाहनों के गुजरने से पुलिया पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ऐसे में यदि पुलिया का कोई हिस्सा अचानक ध्वस्त हो गया तो बड़ी जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता। सबसे गंभीर पहलू यह है कि केरेगांव से लांजी, देवलगांव, साडरा और कारंजा के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के स्कूल वाहन प्रतिदिन इसी पुलिया से होकर गुजरते हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर वे हमेशा चिंतित रहते हैं, लेकिन वैकल्पिक मार्ग नहीं होने के कारण मजबूरी में इसी रास्ते का उपयोग करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया की जर्जर स्थिति से कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो इसकी मरम्मत कराई गई और न ही नई पुलिया के निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राम केरेगांव के समस्त ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जनहित और स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्षतिग्रस्त पुलिया का तत्काल निरीक्षण कराया जाए तथा पुराने ढांचे को हटाकर नई एवं मजबूत पुलिया का शीघ्र निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी दुर्घटना के बाद कार्रवाई की गई तो उसका कोई औचित्य नहीं रहेगा। समय रहते समस्या का स्थायी समाधान ही जनहित में सबसे आवश्यक कदम होगा।

# एक और स्कूल के समीप बिक रही शराब, दूसरी ओर सरकार चला रही नशा मुक्ति अभियान..

## सरकार की जमीनी हकीकत उलट- ज्योति उमरे..

जगप्रेरणा लांजी।

***जिला पंचायत सदस्य एवं बेटा बचाओं राष्ट्रीय अभियान की सचिव ज्योति ईश्वर उमरे ने वर्तमान में चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान पर टिप्पणी करते हुये कहा कि लांजी में इस अभियान की धज्जियाँ उड़ती देखी जा सकती है।***

आज लांजी के दैनिक गुजरी बाजार में नियम विरूद्ध शासकीय शराब दुकान को स्थान दे दिया गया है। दैनिक गुजरी स्थल के समीप ही शासकीय कन्या विद्यालय संचालित है जो कि शराब दुकान से महज 50 मीटर की दुरी पर होगा, इसी शराब दुकान के पास अवैद्य रूप से चखना घर एवं अवैद्य आहाते खोले गये है जहां बिठाकर शराब पीने की व्यवस्था देखी जा सकती है।

रोजाना आसामाजिक तत्वों का यहां जमावड़ा होता है। जबकि शासन प्रशासन के अधिकारियों को यह सोचना चाहिये था कि यह दैनिक गुजरी स्थल है यहां रोजाना महिलाऐं, बच्चे, बुजूर्ग गणे सब्जि भाजी लेने आते है। सब्जि भाजी विक्रय करने के लिये अनेको महिलाऐं यहां व्यापार करती है। ऐसे में इस स्थल का चयन करना बिल्कुल भी सही नही था लेकिन पता नही क्यों क्षेत्र के अधिकारियों एवं जवाबदार जनप्रतिनिधियों को यह दिखाई नही दिया और इस स्थल का चयन किया गया जहां बच्चे महिलाऐं जाने से डरती है। स्कूली बच्चों को मजबूरन यहां से गुजरना पड़ता है। सरकार द्वारा जुलाई से अगस्त तक विशेष 'नशामुक्ति अभियान' चलाया जा रहा है। कागजों, बैनरों और विज्ञापनों में यह अभियान बहुत सराहनीय दिखता है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।



आज पूरे विधानसभा क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए लांजी के गुजरी बाजार (गुजरी चौक) में कन्या स्कूल के ठीक बाजू में सरकारी शराब की दुकान संचालित की जा रही है। स्कूल और बाजार जैसे सार्वजनिक स्थान के पास शराब दुकान होना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इतना ही नहीं, इसके ठीक आस-पास अवैध चखना घर खोल दिए गए हैं, जहाँ सरेआम असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। सरकार के स्पष्ट नियम हैं कि शराब दुकानों पर या उसके आस-पास बैठाकर पिलाना पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन लांजी क्षेत्र समेत पूरे जिले में नियमों को ताक पर रखकर 'बैठाकर पिलाने' के खेल को जोरों से बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारी नई पीढ़ी और खासकर छात्राओं की सुरक्षा व भविष्य को इस नशाखोरी के अभिशाप से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

यदि आबकारी और पुलिस विभाग इस जुलाई-अगस्त के अभियान के दौरान कन्या स्कूल के बाजू से इस शराब दुकान को हटाने की कार्रवाई करता है और पूरे विधानसभा क्षेत्र से इस अवैध व्यापार को जड़ से खत्म करता है, तभी विभाग की असली कर्तव्यनिष्ठा और महानता साबित होगी। जिला पंचायत सदस्य ज्योति ईश्वर उमरे, जिला पंचायत बालाघाट की ओर से यह स्पष्ट और कड़ी मांग है। अगर वाकई इस नशामुक्ति अभियान को सफल बनाना है, तो केवल विज्ञापनों तक सीमित न रहें। स्कूलों के पास से शराब दुकानों को हटाएं, चखना घरों को बंद कराएं और नशा माफियाओं पर जमीनी स्तर पर कठोर कार्रवाई करें। खोखले दावों से नहीं, सख्त और धरातल पर दिखने वाले कदमों से ही बदलाव आएगा।

# नशे से दूरी है जरूरी, दृष्टि कंप्यूटर में जागरूकता शिविर का आयोजन





जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' के अंतर्गत लांजी स्थित दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में***

नशामुक्ति विषय पर प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था ने सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में पीजीडीसीए एवं डीसीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विशेषज्ञों एवं संस्था प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, करियर, सामाजिक प्रतिष्ठा और भविष्य पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें तथा अपने मित्रों, परिवार और समाज को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। संस्था के संचालक ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युवा ही कल के भारत का निर्माता है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को शिक्षा, तकनीकी ज्ञान, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच की दिशा में लगाएँ, तो समाज अनेक सामाजिक बुराइयों से मुक्त होकर विकास की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं की प्रतिभा और संभावनाओं को समाप्त कर देता है, इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी का यह नैतिक दायित्व है कि वह स्वयं नशामुक्त रहे और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करे।

कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों ने नशामुक्त जीवन जीने, किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने की सामूहिक शपथ ली। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करेंगे।

उल्लेखनीय है कि दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट पूर्व में भी नशामुक्ति अभियान के क्षेत्र में अपनी अभिनव पहल से पहचान बना चुका है। संस्था द्वारा ÷नशाराम÷ नामक काल्पनिक पात्र की प्रतीकात्मक अर्थी निकालकर नशे जैसी सामाजिक बुराई के विरुद्ध प्रभावशाली जनजागरण अभियान चलाया गया था। पुलिस प्रशासन के सहयोग से आयोजित विशाल जनजागरूकता रैली ने पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया था और लोगों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना की थी।

संस्था प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से नशामुक्त समाज का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ भविष्य में भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण से जुड़े जनहितकारी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे।

'नशे से दूरी है ज़रूरी' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ युवा, सशक्त समाज और विकसित भारत के निर्माण का जनआंदोलन है।

# दादा कोटेश्वर धाम में 30 जुलाई से होंगे विविध धार्मिक आयोजन

## जप, ध्यान के साथ होंगे पार्थिव शिवलिंग निर्माण

जगप्रेरणा लांजी।

***श्रावण मास के पावन अवसर पर दादा कोटेश्वर धाम, लांजी में 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक एक माह का विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन 'ॐ नमः शिवाय' नाम जप संगीतमय संकीर्तन, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं महाआरती का आयोजन होगा।***



आयोजन समिति के अनुसार प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संगीतमय शिव नाम जप एवं संकीर्तन, दोपहर 12:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण तथा शाम 4:00 बजे से रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न होगी।

श्रावण मास के इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना का लाभ लेने की अपील आयोजन समिति ने की गई है।

# ग्रामीण की सतर्कता से विलुप्त प्राय पेंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू

## वन विभाग ने जंगल में छोड़ा..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***वन परिक्षेत्र हट्टा (सामान्य) अंतर्गत ग्राम परासपानी में एक विलुप्तप्राय वन्यजीव पेंगोलिन के घर में भटककर पहुंचने पर ग्रामीण की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से उसे सुरक्षित***

बचाकर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार 17 जुलाई 2026 की रात्रि लगभग 12:30 बजे ग्राम परासपानी निवासी श्री प्रशांत चौधरी ने वन विभाग को सूचना दी कि एक पेंगोलिन उनके घर में आ गया है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र हट्टा (सामान्य) के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और वन्यजीव का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे वन परिक्षेत्र कार्यालय हट्टा लाया गया।

इसके बाद उप वनमण्डलाधिकारी बालाघाट (सामान्य) एवं परिक्षेत्र अधिकारी हट्टा (सामान्य) की उपस्थिति में पशु चिकित्सा अधिकारी हट्टा डॉ. धर्मेंद्र गौतम द्वारा पेंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में वन्यजीव पूर्णतः स्वस्थ पाया गया। पशु चिकित्सक की अनुशंसा के बाद पेंगोलिन को मानव व्यवधान से दूर निकटवर्ती आरक्षित वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी वन्यजीव के आबादी क्षेत्र में आने की सूचना मिले तो उसे स्वयं पकड़ने या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें ताकि वन्यजीवों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# डाइट बालाघाट में तीन दिवसीय ईसीसीई प्रशिक्षण का समापन, 101 विद्यालयों के शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट में आयोजित तीन दिवसीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) प्रशिक्षण का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।***

प्रशिक्षण का उद्देश्य पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को अधिक रोचक, गतिविधि-आधारित एवं बाल-केंद्रित बनाते हुए शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि करना था। डाइट प्राचार्य श्री नरेश प्रसाद मलगाम के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण का संचालन ईसीसीई प्रभारी श्री शिव कुमार त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षण में जिले के 101 विद्यालयों की ईसीसीई कक्षाओं का संचालन करने वाले शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री जीवनलाल मंसूरे, श्री दुर्गा प्रसाद राहंगडाले एवं श्री ओमप्रकाश लिल्हारे ने खेल-आधारित शिक्षण, गतिविधि-आधारित अधिगम, भाषा एवं संज्ञानात्मक विकास, कक्षा प्रबंधन तथा नवाचारी शिक्षण तकनीकों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही शिक्षकों को शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) के निर्माण एवं प्रभावी उपयोग का भी अभ्यास कराया गया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य श्री नरेश प्रसाद मलगाम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के समग्र विकास की आधारशिला है। उन्होंने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई गतिविधि-आधारित एवं नवाचारी शिक्षण विधियों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया, ताकि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण एवं आनंददायक शिक्षा मिल सके। प्रशिक्षण प्रभारी श्री के.डी. तीतरमारे ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा बच्चों के भाषा, संज्ञानात्मक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास की मजबूत नींव तैयार करती है। वहीं जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र श्री घनश्याम बर्मन ने शिक्षकों से विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के प्रयास करने तथा प्रशिक्षण में प्राप्त नवाचारों एवं टीएलएम का नियमित उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण ईसीसीई वातावरण तैयार करने का आग्रह किया। समापन अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए अपने-अपने विद्यालयों की ईसीसीई कक्षाओं में प्रशिक्षण से प्राप्त नवाचारों एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण पद्धतियों को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर शुभकामनाएँ दी गईं।

# जनसुनवाई व सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की जांच, सांदीपनि विद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया सही पाई गई





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश को लेकर जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की शुक्रवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल के निर्देशन में विस्तृत जांच की गई।***

जांच के दौरान शिकायतकर्ता पालक, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले, उप प्राचार्य साजिद मोहिस तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सहायक ग्रेड-3 अपूर्व बेल उपस्थित रहे। इस दौरान सभी शिकायतकर्ताओं की बात गंभीरता से सुनी गई और प्रत्येक प्रकरण का बिंदुवार परीक्षण किया गया। जांच के दौरान पालकों को शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित सांदीपनि विद्यालय की प्रवेश नीति की जानकारी दी गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने प्रवेश प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए प्राचार्य द्वारा अपनाई गई पारदर्शी एवं सावधानीपूर्ण प्रक्रिया की सराहना की।

प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने बताया कि विद्यालय में निर्धारित क्षमता से अधिक प्रवेश के लिए आवेदन प्राप्त हुए थे। उपलब्ध रिक्तियों के अनुसार केवल हिन्दी माध्यम की कुछ कक्षाओं में ही पालकों की सहमति से प्रवेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शहर के मध्य स्थित सांदीपनि विद्यालय में निर्धारित क्षमता से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिसके कारण अतिरिक्त प्रवेश देना संभव नहीं है। जांच के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि विद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया शिक्षा विभाग के निर्धारित नियमों एवं प्रवेश नीति के अनुरूप अपनाई गई है।

# लोक सेवा आयोग में सहायक प्राध्यापक (इतिहास) पद पर चयनित प्रशू गौतम का सम्मान

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में 18 जुलाई को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय की अतिथि विद्वान (इतिहास) सुश्री प्रशू गौतम के मध्यप्रदेश लोक***



सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (इतिहास) पद पर चयनित होने पर महाविद्यालय परिवार ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य एवं गरिमापूर्ण सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे ने कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण परीक्षा में सफलता प्राप्त करना असाधारण परिश्रम, अटूट आत्मविश्वास, अनुशासित अध्ययन और दृढ़ संकल्प का परिणाम होता है। उन्होंने कहा कि सुश्री प्रशू गौतम ने अपनी विद्वत्ता, कर्मनिष्ठा, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित कर न केवल स्वयं को गौरवान्वित किया है, बल्कि महाविद्यालय परिवार का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सुश्री गौतम उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अपने ज्ञान, अनुभव और समर्पण से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उनकी सफलता महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं युवा शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत सिद्ध होगी।

इस अवसर पर प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. आर. एन. झारिया ने कहा कि सुश्री प्रशू गौतम की सफलता उनके अथक परिश्रम, सतत संघर्ष और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि पूरे महाविद्यालय परिवार के लिए गौरव और प्रसन्नता का विषय है। उनकी सफलता यह संदेश देती है कि समर्पण, अनुशासन और निरंतर प्रयास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

समारोह में उपस्थित समस्त प्राध्यापकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सुश्री प्रशू गौतम को शुभकामनाएँ अर्पित कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने ज्ञान, उत्कृष्ट अध्यापन कौशल और संवेदनशील दृष्टिकोण से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देंगी तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और शैक्षणिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। समारोह के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सुश्री प्रशू गौतम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का अभिनंदन किया और उनके सफल, समृद्ध एवं यशस्वी भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। सभी ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगी।

समारोह के अंत में प्राचार्य डॉ. अशोक मराठे, प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ. आर. एन. झारिया एवं महाविद्यालय परिवार ने सुश्री प्रशू गौतम को पुनः हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपनी विद्वत्ता, कार्यनिष्ठा और समर्पित सेवाओं के माध्यम से उच्च शिक्षा जगत में नई ऊँचाइयाँ स्थापित करेंगी। तथा समाज, प्रदेश और राष्ट्र के शैक्षणिक उत्थान में अमूल्य योगदान देंगी।

# ग्रामीण की सतर्कता से विलुप्तप्राय पेंगोलिन का सुरक्षित रेस्क्यू, वन विभाग ने जंगल में छोड़ा..

**जगप्रेरणा हट्टा।**

***वन परिक्षेत्र हट्टा (सामान्य) अंतर्गत ग्राम परासपानी में एक विलुप्तप्राय वन्यजीव पेंगोलिन के घर में भटककर पहुंचने पर ग्रामीण की सतर्कता और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई***



से उसे सुरक्षित बचाकर प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार 17 जुलाई 2026 की रात्रि लगभग 12:30 बजे ग्राम परासपानी निवासी श्री प्रशांत चौधरी ने वन विभाग को सूचना दी कि एक पेंगोलिन उनके घर में आ गया है। सूचना मिलते ही वन परिक्षेत्र हट्टा (सामान्य) के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और वन्यजीव का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे वन परिक्षेत्र कार्यालय हट्टा लाया गया।

इसके बाद उप वनमण्डलाधिकारी बालाघाट (सामान्य) एवं परिक्षेत्र अधिकारी हट्टा (सामान्य) की उपस्थिति में पशु चिकित्सा अधिकारी हट्टा डॉ. धर्मेंद्र गौतम द्वारा पेंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच में वन्यजीव पूर्णतः स्वस्थ पाया गया। पशु चिकित्सक की अनुशंसा के बाद पेंगोलिन को मानव व्यवधान से दूर निकटवर्ती आरक्षित वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि यदि किसी वन्यजीव के आबादी क्षेत्र में आने की सूचना मिले तो उसे स्वयं पकडने़ या नुकसान पहुंचाने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें, ताकि वन्यजीवों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा जा सके।

# डायरिया रोको अभियानः छह गांवों में हैंडपंपों का सुधार, पेयजल स्त्रोतों में डाला गया जर्मेक्स..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट जिले में संचालित 'डायरिया रोको अभियान' के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने उपखंड परसवाड़ा, लांजी एवं बिरसा विकासखंड के कई गांवों में पेयजल स्त्रोतों को सुरक्षित एवं स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया।***

अभियान के दौरान ग्राम पौंडी, चीनी, कुम्हारीकला, सालेटेकरी, मझगांव एवं बहेराभाटा में विभागीय टीम ने खराब पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांव के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया।

विभाग के अनुसार क्लोरीनीकरण से पानी में मौजूद हानिकारक कीटाणुओं का नाश होता है, जिससे डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पेयजल को छानकर एवं ढककर रखें, स्वच्छता का विशेष ध्यान दें तथा सुरक्षित पानी का ही उपयोग करें, ताकि डायरिया और अन्य जलजनित रोगों से बचाव सुनिश्चित किया जा सके।




# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनाः 25 जुलाई को बालाघाट से मथुरा-वृंदावन के लिए रवाना होगी विशेष ट्रेन..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के वरिष्ठ नागरिकों को मथुरा-वृंदावन की तीर्थ यात्रा कराने के लिए 25 जुलाई को बालाघाट रेलवे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी रवाना होगी। इस यात्रा के लिए जिले के 191 तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया है।***

चयनित यात्रियों की सूची आईआरसीटीसी भोपाल भेज दी गई है। जिला प्रशासन ने चयनित तीर्थ यात्रियों से अपील की है कि वे 25 जुलाई को निर्धारित समय पर अपने स्वयं के साधनों से बालाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचें, ताकि समय पर उनकी उपस्थिति दर्ज कर यात्रा की आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा सकें और विशेष ट्रेन निर्धारित समय पर रवाना हो सके। यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए चार अनुरक्षक, पांच सुरक्षाकर्मी, एक चिकित्सक तथा एक फार्मासिस्ट सहायक की नियुक्ति की गई है।

ये सभी यात्रा के दौरान यात्रियों को आवश्यक सहायता एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीर्थयात्री 25 जुलाई को बालाघाट से रवाना होकर मथुरा-वृंदावन के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करेंगे और 28 जुलाई को वापस बालाघाट लौटेंगे।

इस विशेष रेलगाड़ी में बालाघाट जिले के 191 तीर्थ यात्रियों के अलावा मंडला एवं जबलपुर जिले के चयनित श्रद्धालु भी यात्रा करेंगे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकें।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सेवा कार्य के माध्यम से मनाया गया सांसद डॉ. नामदेव किरसान का जन्मदिन

### ग्रामीण अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए गए..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***गडचिरोली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद डॉ. नामदेव किरसान के जन्मदिन के अवसर***

पर तालुका कांग्रेस कमेटी, सालेकसा की ओर से ग्रामीण अस्पताल, सालेकसा में उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित कर उनका जन्मदिन सामाजिक प्रतिबद्धता निभाते हुए सेवा कार्य के माध्यम से मनाया गया। समाज के जरूरतमंद वर्ग के प्रति संवेदनशीलता और मानव सेवा का संदेश देने वाले इस कार्यक्रम का मरीजों एवं उनके परिजनों ने स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अस्पताल के विभिन्न वार्डों में जाकर उपचाराधीन मरीजों से मुलाकात की। उनकी कुशलक्षेम पूछी तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएँ दीं। इसके पश्चात मरीजों को फलों का वितरण किया गया। इस माध्यम से समाजसेवा, मानवता तथा जनप्रतिनिधि के जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंदों तक सहायता का हाथ पहुँचाने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर तालुका कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजू गजानन दोनोडे, नगर पंचायत सालेकसा के नगराध्यक्ष विजय सुदामभाऊ फुंडे, तालुका कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश बहेकार, नगर पंचायत सालेकसा की स्वच्छता एवं जलापूर्ति समिति के सभापति छन्नु भास्कर शिवणकर, सेवादल कांग्रेस सालेकसा के अध्यक्ष जोगेश्वर नागपुरे, तथा भास्कर शिवणकर, आशुतोष असाटी, रमेश चुटे सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि जन्मदिन केवल औपचारिक रूप से मनाने के बजाय समाजोपयोगी गतिविधियों के माध्यम से मनाना ही सच्ची जनसेवा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सेवा, सहयोग तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना और अधिक सुदृढ़ होती है।

इस कार्यक्रम के कारण ग्रामीण अस्पताल के मरीजों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। मरीजों एवं उनके परिजनों ने आयोजकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों से जरूरतमंद मरीजों को मानसिक संबल मिलता है। सांसद डॉ. नामदेव किरसान के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

### सालेकसा तालुका में राज्य शुल्क की बड़ी कार्रवाई..

# 7.16 लाख के माल के साथ दूसरे राज्य की 'गोवा व्हिस्की' जब्त, कार चालक फरार..



जगप्रेरणा देवरी।

***सालेकसा तालुका में राज्य उत्पाद शुल्क (State E&cise) विभाग ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दूसरे राज्य से अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है।***

मौजा पुराडा से मूरपार रोड पर एक खाली जगह में मध्य प्रदेश निर्मित 'गोवा व्हिस्की' नामक विदेशी शराब की अवैध तस्करी कर रही एक सफेद रंग की मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को जब्त किया गया है। इस बड़ी कार्रवाई में कुल 7 लाख 16 हजार रुपये का माल जब्त किया गया है, जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर मुख्य मास्टरमाइंड और कार चालक मौके से फरार हो गया।

मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर, राज्य उत्पाद शुल्क देवरी क्रमांक 03 की टीम ने 17 जुलाई 2026 की रात करीब 8:30 बजे पुराडा से मूरपार मार्ग पर जाल बिछाया था। एक संदिग्ध मारुती सुजुकी स्विफ्ट कार (नंबर **CG 07 MB 1004**) की बारीकी से जांच करने पर, उसमें महाराष्ट्र में पूरी तरह से प्रतिबंधित और केवल मध्य प्रदेश राज्य में बिक्री के लिए स्वीकृत 'गोवा व्हिस्की' पाई गई।

### जब्त किया गया माल..

1.**मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार**- सफेद रंग की कार (पंजीकरण संख्या **CG 07 MB 1004**) -अनुमानित कीमत 5,00,000 रुपये।
2. **विदेशी शराब का स्टॉक**-मध्य प्रदेश राज्य में निर्मित 'गोवा व्हिस्की' की 180 मिली की कुल 1600 सीलबंद बोतलें - अनुमानित कीमत 2,16,000 रुपये। **कुल जब्त कीमत**- 7,16,000 रुपये (सात लाख सोलह हजार रुपये)। इस मामले में महाराष्ट्र शराबबंदी अधिनियम 1949 की धारा 65 (ए) (ई), 81, 83 और 108 के तहत अपराध क्रमांक 315/2026 के अनुसार मामला दर्ज किया गया है। उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। इस मामले की आगे की जांच उप-निरीक्षक श्री ए. ए. सडमेक कर रहे हैं, और शिकायत श्री आर. के. पागोटे ने दर्ज कराई है।

यह बड़ी कार्रवाई राज्य उत्पाद शुल्क के आयुक्त माननीय श्री डॉ. राजेश देशमुख, प्रवर्तन एवं सतर्कता निदेशक श्री प्रसाद सुर्वे, संभागीय उप-आयुक्त श्री गणेश डी. पाटिल और गोंदिया के अधीक्षक श्री डॉ. मनोहर अंचुले के मार्गदर्शन में देवरी के निरीक्षक श्री ए. ओ. गभणे, उप-निरीक्षक ए. ए. सडमेक, आर. एम. आतलवाड, सहायक उप-निरीक्षक के. डी. मुनेश्वर के साथ-साथ जवान सर्वश्री राजेंद्र कि. पागोटे, शैलेश डिबे, किशोर बिरनवार, अजय उइके और कु. पल्लवी हटवार द्वारा सफलतापूर्वक अंजाम दी गई।

# 'किसी भी संस्था का परिवार यह मुख्य आधार है', विश्व मांगल्य जनप्रतिनिधी मातृसभा का गोंदिया में आयोजन..



जगप्रेरणा गोंदिय।

***स्थानीय ज़िला परिषद अध्यक्ष निवासस्थान सभागृह में आयोजित विश्वमंगल्य सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में केंद्रीय सचिव सौ शुभांगी मेंढे,***

विदर्भ प्रांत जन प्रतिनिधि सौ सविता पुराम, संघटन मंत्री संगरा चुंबलकर, संयोजिका सौ माधुरी राहंगडाले की विशेष उपस्थिति में सभा सम्पन्न हुई।

इस अवसर प्रास्ताविक सौ सविता पुराम ने किया उन्होंने महिलाओं को माँ का रूप समझकर और भी महिलाओं में अच्छे संस्कार का पालन कर एक सुसंस्कृत परिवार निर्माण करने का कार्य करे ऐसा अनुरोध किया।

सौ शुभांगी मेंढे ने कहा कि परिवार, समाज और राष्ट्र निर्मिति करने का कार्य सिर्फ मातृ शक्ति कर सकती है, एक सक्षम समाज का निर्माण और समृद्ध राष्ट्र निर्माण का उद्देश्य मन में रखकर कार्य करना चाहिए जिससे कि हम आने वाली पीढ़ी को नई रूढ़ि परंपरा और पाश्चात्य संस्कृति से बचाया जा सके, इसीलिए आज यह मातृ सभा का आयोजन किया जा रहा है। उपस्थित सभी महिलाओं ने यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भी एक सदृढ़ सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग देंग।

इस सभा में नए पदाधिकारी की नियुक्ति भी की गई इसमें प्रमुखता से संयोजक सौ माधुरी राहंगडाले, सह संयोजक धर्मिष्ठा सेंगर, सुषमा भुजडे, कार्यक्रम प्रमुख रचना गहाने, प्रचार प्रसार प्रमुख भावना कदम, व्यवस्था प्रमुख दीप्ति तूरकर, निधि प्रमुख रजनी कुंभरे की नियुक्ति की गई।

### सभी तालुका में पदाधिकारी की नियुक्ति की गई..

गोंदिया शहर संयोजक मैथिली पुरोहित, सह संयोजक कुसुम रावलानी, प्रिया ब्रह्मपुरे, गोंदिया ग्रामीण संयोजक इंद्रायणी राहंगडाले, सह संयोजक आनंदी वाढीवे, दीपा चन्द्रिकपुरे, तिरोड़ा संयोजक स्वाति चौधरी, सह संयोजक सुनंदा पटले, कविता सोनवाने, अर्जुनी मोर संयोजक पूर्णिमा ढेंगे, सह संयोजक जयश्री देशमुख, गीता ब्राह्मणकर, सड़क अर्जुनी संयोजक निशा तोड़से, सह संयोजक प्रतिभा भंडारकर, निशा काशीवार, सालेकसा संयोजक प्रतिभा परिहार, सह संयोजक शालिनी बडोले, हेमलता वैध, गोरेगांव संयोजक आरती पटले, सह संयोजक नम्रता बारेवर, सोनाली साखरे, देवरी संयोजक कल्पना वालोदे, सह संयोजक अंजू बिसेन, अंबिका बंजार, आमगांव संयोजक योगिता पुंड, सह संयोजक शोभा मेश्राम, सरिता डोये इस प्रकार से नियुक्ति की गई।

सभी पदाधिकारी ने मातृशक्ति को एकत्रित करके पहले परिवार, फिर समाज और बाद में राष्ट्र निर्माण में समर्पित होकर सेवा कार्य करे ऐसा प्रचार प्रसार प्रमुख भावना कदम ने प्रसिद्ध पत्रक द्वारा बताया है। सभा में प्रमुखता से सीता राहंगडाले, तुमेश्वरी बघेले, चित्रलेखा चौधरी, रचना गहाने, सुनंदा ऊके, भावना कदम भी उपस्थित थी।

कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा परिहार ने किया तथा आभार माधुरी ने राहंगडाले ने माना।

# ग्राम पंचायत कर्मचारियों की हड़ताल का दूसरा दिन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***आज जिले में महाराष्ट्र राज्य ग्राम पंचायत कर्मचारी महासंघ (आयटक) के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कर्मचारियों की हड़ताल का दूसरा दिन है। 556 ग्राम पंचायतों के 750 कर्मचारियों के इसमें शामिल होने से प्रशासनिक कामकाज ठप हो गया है***

और विकास कार्य रुक गए हैं। कर्मचारी तीन महीने से बकाया वेतन के भुगतान और हर महीने की 5 तारीख तक वेतन मिलने की गारंटी की मांग को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। राज्य महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष कॉमरेड मिलिंद गनवीर ने बताया कि चूंकि जिला परिषद प्रशासन इन मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहा है, इसलिए यूनियन संबंधित अधिकारियों का घेराव करने की तैयारी कर रही है। भारी बारिश के बावजूद, आज भी सभी पंचायत समिति कार्यालयों में धरना-प्रदर्शन जारी है।

कॉमरेड मिलिंद गनवीर, आयटक जिला सचिव कॉमरेड रामचंद्र पाटिल, देवेंद्र मेश्राम, विनोद सहारे, भाऊलाल कटंगकार , महेंद्र भोयर और दीप्ति राणे के नेतृत्व में गोंदिया पंचायत समिति के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### चाकु की नोक पर चावल भरा ट्रक लेकर हुवे फरार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत लुटमार का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/ 7/ 2026 के रात 4 बजे के दरम्यान सावरी बस स्टॉप पर फर्यादी नविन श्रीरामचंद मौर्या उम्र 35 वर्ष निवासी प्रयागराज अपना चावल भरा ट्रक चाकघाट से सड़क अर्जुनी लेकर जा रहा था। रात के समय निंद आने से उसने अपना ट्रक सावरी बस स्टाप के बाजु मे खडी कर सोया था। रात 4 बजे दो लोग आये और चाकु से कॅबीन पर मारा फर्यादी का हाथ बाहर निकलने से उसकी उंगली पर चाकु लगकर जख्मी हुवा उसके बाद आरोपी ने कॅबीन मे घुसकर मारपीट की उसके बाद 2 आरोपी और आये और चारो ने मिलकर ड्रायवर को निचे उतारा और झाड को बांधकर ट्रक लेकर फरार हो गये। फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 371/2026 धारा 309, 4, 118, 1, 352, 351, 2, 3, 5, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोनी शेवते पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### घर के सामने से मोटर सायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 16/7/2026 के रात रामपुर पानगाव मे फर्यादी मनिष अशोक चामलाटे उम्र 32 वर्ष निवासी रामपुर ने अपनी मोटरसायकल बजाज कंपनी की किमत 70 हजार रुपये घर के सामने टिन के शेड मे रखी थी। रात के समय अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 346/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा खडसे पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### बस की चपेट मे आने से सायकल सवार की हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अँक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/ 7/ 2026 के 8 बजे के दरम्यान परसवाडा मे फर्यादी अजीत ग्यानीराम काळसर्पे उम्र 27 वर्ष निवासी चुडुरका का नाती घटना के समय अपनी सायकल से चौकीदारी के काम पर जा रहा था। रास्ते मे आरोपी ने अपनी शासकीय बस क्रमांक एम एच 09 ई एम 1870 से सायकल को ठोस मारी गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर बस चालक के खिलाफपोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 342/ 2026 धारा 281,125, बी,106,1, बी एन एस 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा आनंदराव इस्कापे पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### अज्ञात वाहन की चपेट मे अज्ञात आदमी की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत ॲक्सीडेंट मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/ 7/ 2026 के 8 बजे के दरम्यान बाम्हनी राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 53 पर फर्यादी ग्राम पंचायत बाम्हणी के पुलिस पाटील पद पर होकर घटना के समय उन्हे फोन आया की बाम्हणी रोड पर अज्ञात आदमी ॲक्सीडेंट होकर पडा है। जानकरी मिलते ही फर्यादी ने जाकर देखा तो अज्ञात आदमी अक्सीडेंट मे मृत अवस्था मे मिला, किसी वाहन ने उसे ठोस मारने से उसके मौत हुई है फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 340/2026 धारा 281,125, बी,106,1, बी एन एस 2023 सहकलम 185 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा कोटांगले पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

# मौत भी हुई महंगी! देवरी में सरकारी जलाऊ लकड़ी की भारी किल्लत..

### दिनबंधु संस्था ने वन विभाग से लकड़ी की आपूर्ति जल्द बहाल करने की मांग की..

जगप्रेरणा देवरी।

***देवरी वन परिक्षेत्र कार्यालय (प्रादेशिक) के माध्यम से शहर और आसपास के नागरिकों को अंतिम संस्कार के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक व धार्मिक कार्यों के लिए दी जाने वाली जलाऊ लकड़ी का स्टॉक पूरी तरह से खत्म हो चुका है।***

इसके चलते यह अत्यंत महत्वपूर्ण सेवा फिलहाल बंद पड़ी है। अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील समय पर नागरिकों को भारी आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 'दिनबंधु ग्रामीण विकास संस्था' के अध्यक्ष कुलदीप लांजेवार ने वन परिक्षेत्र अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि प्रशासनिक स्तर पर तुरंत कदम उठाए जाएं और इस बंद पड़ी सेवा को जल्द से जल्द दोबारा शुरू किया जाए।

### गरीब और जरूरतमंद परिवारों पर पड़ी दोहरी मार..

देवरी वन परिक्षेत्र कार्यालय द्वारा पहले सरकारी नियमों के अनुसार आम और जरूरतमंद नागरिकों को अंतिम संस्कार और सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराई जाती थी। वन विभाग के इस जनहितैषी उपक्रम से तालुका के कई गरीब, जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बहुत बड़ी राहत मिलती थी। नागरिकों ने हमेशा इस सेवा की सराहना की है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से डिपो में लकड़ी का स्टॉक खत्म होने के कारण यह सेवा अचानक बंद हो गई है।

### दुख की घड़ी में आर्थिक बोझ..

परिवार में किसी की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी जुटाना या निजी बाजार से महंगे दामों पर खरीदना आम लोगों की क्षमता से बाहर हो रहा है। वन विभाग की सेवा बंद होने से नागरिकों को लकड़ी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है, जिससे दुख की इस घड़ी में उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इसके अलावा, सामाजिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी दिक्कतें आ रही हैं।

### बोले कुलदीप द. लांजेवार..

'अंतिम संस्कार के लिए लकड़ी न मिलना नागरिकों के लिए बेहद कष्टदायक है। वन विभाग को इस समस्या की गंभीरता को समझना चाहिए और जरूरी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए जलाऊ लकड़ी का नया स्टॉक तुरंत उपलब्ध कराना चाहिए। अगर यह जनहित की सेवा फिर से शुरू होती है, तो आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी और वन विभाग पर जनता का विश्वास और मजबूत होगा।'

इस ज्ञापन पर क्षेत्र के कई नागरिकों के हस्ताक्षर हैं। अब हर किसी की नजर इस बात पर टिकी है कि वन विभाग इस पर क्या कदम उठाता है और देवरी के नागरिकों की यह समस्या कब हल होती है।

# बसों में छात्रों की सुरक्षा के लिए शिक्षक की ड्यूटी पर उठे सवाल..

### शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने की आशंका..

जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडल (एस.टी.) गोंदिया आगार द्वारा पंचायत समितियों के गट शिक्षण अधिकारियों को भेजे गए एक पत्र में छात्राओं की सुरक्षा के लिए बस स्थानकों पर***

शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि विद्यालय खुलने के बाद बसों में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ने से भीड़ की स्थिति बनती है और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। इसलिए विद्यालय प्रारंभहोने के समय एक शिक्षक को बस स्थानक पर उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को व्यवस्थित रूप से बस में चढ़ाने की जिम्मेदारी देने का सुझाव दिया गया है।

हालांकि इस पत्र के सामने आने के बाद शिक्षक वर्ग में नाराजगी और चिंता का माहौल है। शिक्षकों का कहना है कि उनका मूल दायित्व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है। यदि उन्हें नियमित रूप से बस स्थानकों पर तैनात किया जाएगा, तो विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

शिक्षक संगठनों का मत है कि छात्राओं और विद्यार्थियों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन यह जिम्मेदारी परिवहन विभाग, स्थानीय प्रशासन और पुलिस के समन्वय से निभाई जानी चाहिए। शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगातार लगाए जाने से नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों और शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शिक्षकों ने मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थायी और व्यावहारिक व्यवस्था की जाए तथा शिक्षकों को उनके मूल शैक्षणिक कार्यों तक सीमित रखा जाए, ताकि विद्यार्थियों की शिक्षा और सुरक्षा-दोनों का संतुलित रूप से संरक्षण हो सके।



अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएँ..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सो.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा
live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टॅंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया जिले के तिरोड़ा में नगर परिषद अध्यक्ष अशोक असाटी की बड़ी रिश्वतखोरी उजागर..

## डेकोरेशन व्यवसायी पर बनाया 3.20 लाख रिश्वत का दबाव, एंटी करप्शन ब्यूरो ने दर्ज किया मामला..

## एक सहयोगी पर भी हुआ अपराध दर्ज..

## भाजपा के नेता जो जनता द्वारा कुछ महीनो पूर्व ही हुए थे निर्वाचित..



जगप्रेरणा तिरोड़ा/गोंदिया।

*देश में प्रजातंत्र के बाद लोकतंत्र की स्थापना की गई, तो यह उम्मीद की गई थी कि लोकतंत्र में नीति और सिद्धांतों और कानुन व्यवस्था के अनुरुप देश सुख शांति समृद्धि के मार्ग पर अग्रसित होगा, लेकिन लोकतंत्र के नायक के रुप में जिस जिस को भी जहां जहां भूमिकाएं निभाने के लिये जनता चुन रही है, भ्रष्टाचार के नए नए तरीके निकालकर देश को खोखला करने का कार्य किया*

जा रहा है। भ्रष्टाचार और खुली रिश्वतखोरी के प्रकरण लगातार बढ़ रहे हैं, और आम जनता को भ्रष्ट नेताओं को चुनने के लिये शर्मसार भी होना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला गोंदिया जिले के तिरोड़ा तहसील में 18 जुलाई को दर्ज प्रकरण के रुप में सामने आया है, जिसमें एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा ही भारतीय जनता पार्टी के नेता तिरोड़ा नगर परिषद के अध्यक्ष अशोक असाटी एवं सहयोगी के खिलाफ रिश्वतखोरी का मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार नगराध्यक्ष अशोक असाटी उम्र 54 वर्ष एवं कैलाश किशन वाघमारे उम्र 50 वर्ष के खिलाफ बिल पास कराने एवं भुगतान के एवज में रिश्वत मांगने के आरोप में एंटी करप्शन ब्यूरो की अनुशंसा पर तिरोड़ा थाने में उप पुलिस अधीक्षक निलेश लोधी की शिकायत पर विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं 12 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 75 प्रतिशत ही होगा भुगतान उसमें भी देना होगा कमिशन..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता तिरोड़ा में डेकोरेशन एवं कैटरिंग का व्यवसाय संचालित करता है। दिसंबर 2025 में नगर परिषद के आम चुनाव के दौरान डेकोरेशन एवं कैटरिंग का कार्य करने के बदले उसकी फर्म हर्षल कैटरिंग एवं उज्ज्वला डेकोरेशन के लगभग 25.22 लाख रुपये नगर परिषद से बकाया हैं। शिकायतकर्ता 20 मई 2026 को बकाया राशि के भुगतान के लिए नगर परिषद अध्यक्ष अशोक असाटी से मुलाकात करने पहुंचा। आरोप है कि असाटी ने कहा कि 25.22 लाख रुपये की जगह केवल 75 प्रतिशत अर्थात 16 लाख रुपये का ही बिल स्वीकृत कराया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि इस राशि में से मुख्याधिकारी, ऑडिटर और कैशियर के लिए भी पैसा देना होगा। अगले दिन 21 मई को शिकायतकर्ता पुनः असाटी से मिला। आरोप है कि इस दौरान आसाटी ने अपने हाथ पर 3.20 लाख रुपये लिखकर बताया कि बिल पास कराने के लिए इतनी राशि देनी होगी। शिकायतकर्ता रिश्वत देने के लिए तैयार नहीं था, इसलिए उसने 8 जून 2026 को गोंदिया एसीबी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

एसीबी द्वारा शिकायत का सत्यापन किए जाने पर आरोपों की पुष्टि हुई। जांच में सामने आया कि पहली किश्त के 6 लाख रुपये के भुगतान के लिए 1.20 लाख रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। आरोप है कि यह राशि अध्यक्ष अशोक असाटी के निजी सहायक शुभम भोयर को देने के लिए कहा गया था। साथ ही शेष 10 लाख रुपये का भुगतान मिलने पर उसका कमीशन अलग से देने की भी मांग की गई। एसीबी ने 9 जून को ट्रैप की कार्रवाई की, लेकिन आशंका होने के कारण कथित रूप से आरोपियों ने रिश्वत की राशि स्वीकार नहीं की। इसके बाद एसीबी ने पूरे मामले की जांच जारी रखी और अंततः 18 जुलाई को उप पुलिस अधीक्षक निलेश लोधी ने तिरोड़ा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। तिरोड़ा पुलिस ने अशोक असाटी एवं कैलाश किशन वाघमारे के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 एवं 12 के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 35(3) के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। मामले की जांच पुलिस निरीक्षक उमाकांत उगले कर रहे हैं।

# जिले के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचाने तत्पर रहें.. - सांसद राजेंद्र जैन

## छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व समाधान शिविर अभियान की बैठक संपन्न



जगप्रेरणा गोंदिया।

*प्रशासनिक भवन, गोंदिया में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व समाधान शिविर अभियान की तैयारी बैठक में राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले*

के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। बैठक में उप विभागीय अधिकारी चंद्रकांत खंडाईत, तहसीलदार समशेर खान पठान सहित राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद राजेंद्र जैन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा राजस्व विभाग को अधिक जनोन्मुखी, पारदर्शी और गतिशील बनाने के उद्देश्य से छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व समाधान शिविर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का आयोजन माननीय मुख्यमंत्री के जन्मदिवस तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर किया जा रहा है, ताकि अंतिम पंक्ति के पात्र नागरिकों तक भी राजस्व विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंच सके। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूरे जिले के लिए शिविरों की सुव्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर उसका कड़ाई से पालन किया जाए। साथ ही प्रत्येक गांव और नागरिक तक अभियान की जानकारी पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

बैठक में सुरेश हर्षे, केतन तुरकर, नानू मुदलियार, डॉ. माधुरी नासरे, राज शुक्ला, लोकेश यादव, रवि पटले सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुराने ओवरब्रिज का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी

# 'कर्मवीर स्व. लोढुलाल अग्रवाल ओवरब्रिज' यथावत रखा जाए..

## श्री मारवाड़ी युवक मंडल द्वारा विशेष बैठक लेकर एकमतेन शासन प्रशासन के समक्ष मांग रखने का लिया निर्णय..

## 20 जुलाई को शांतिपूर्ण प्रतिवेदन रैली के माध्यम से सौपा जायेगा ज्ञापन..






जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया शहर के ऐतिहासिक पुराने ओवरब्रिज, जिसका वर्तमान में पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। इस ओवरब्रीज का नाम पूर्व से 'कर्मवीर स्व. श्री लोढुलाल जी अग्रवाल ओवरब्रिज' है। नगर परिषद की बैठक में इस नाम को यथावत रखने के संबंध में आम सहमति नहीं बन पाने के कारण विषय की*

गंभीरता को देखते हुए श्री मारवाड़ी युवक मंडल, गोंदिया द्वारा आज एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। सभा में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, मारवाड़ी समाज के सातों घटक समाजों के प्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं कर्मवीर स्व. श्री लोढुलाल जी अग्रवाल ने गोंदिया शहर के पुराने ओवरब्रिज के निर्माण के लिए निस्वार्थ भाव से संघर्ष किया था। उनके ऐतिहासिक, जनहितकारी एवं प्रेरणादायी योगदान के सम्मान में ही ओवरब्रिज का नाम उनके नाम पर रखा गया था। ऐसे ऐतिहासिक एवं सम्मानित नाम को बदलने का कोई भी प्रयास जनभावनाओं के विपरीत होने के साथ-साथ शहर के इतिहास और विरासत के साथ भी अन्याय होगा।

सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शासन एवं प्रशासन से नए निर्माणाधीन ओवरब्रिज का नाम भी 'कर्मवीर स्व. श्री लोढुलाल जी अग्रवाल ओवरब्रिज' यथावत बनाए रखने की मांग की जाएगी। साथ ही भविष्य में किसी भी ऐतिहासिक एवं सम्मानित नाम में परिवर्तन करने से पूर्व जनभावनाओं, ऐतिहासिक तथ्यों तथा संबंधित परिवार एवं समाज की भावनाओं का सम्मान किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई। सभा में उपस्थित सभी नागरिकों ने लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से इस विषय को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से रखने का सामूहिक संकल्प लिया। सभा में प्रमुख रूप से श्री मारवाड़ी युवक मंडल के सातों घटक समाजों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी श्री हेमेन्द्र पोद्दार, श्री सीताराम अग्रवाल, श्री शंकरलाल अग्रवाल, श्री नरेश बंग, श्री अजय झवानियां, श्री रमाकांत अग्रवाल, श्री मनोज जोशी, श्री अपूर्व अग्रवाल, श्री राजेश व्यास, श्री प्रकाश कोठारी, श्री आशीष खंडेलवाल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

सभा के अंत में संस्था के अध्यक्ष श्री महेश गोयल ने सभी समाजबंधुओं से आह्वान किया कि दिनांक 20 जुलाई 2026, प्रातः 11:00 बजे ईसरका मार्केट, गोंदिया में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर शांतिपूर्ण प्रतिवेदन रैली में शामिल हों तथा शासन-प्रशासन को सामूहिक रूप से प्रतिवेदन सौंपकर ऐतिहासिक नाम को यथावत बनाए रखने की मांग को मजबूत करें। सभा का मंच संचालन रितेश अग्रवाल, राम अग्रवाल एवं हर्षल पवार ने किया। सभा का समापन स्वर्गीय कर्मवीर श्री लोढुलाल जी अग्रवाल के योगदान को नमन करते हुए तथा उनके सम्मान को अक्षुण्ण बनाए रखने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# अ.वि. श्री लोहाणा महापरिषद की अंतर्राष्ट्रीय त्रिदिवसीय प्रथम सभा नाशिक में संपन्न..




## विदर्भ के अध्यक्ष अजयभाई वडेरा के मार्गदर्शन में 11 जिलों से महिला समिति संहित 56 पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लिया भाग..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*अखिल विश्व श्री लोहाणा महापरिषद की त्रि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कारोबारी की प्रथम सभा नाशिक स्थित होटल ट्रीट में शुक्रवार, शनिवार, रविवार को सभा का*

आयोजन नाशिक लोहाणा महाजन के यजमान पद में श्री लोहाणा महापरिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सतीशभाई विठलानी की अध्यक्षता में हुई। इस सभा में विश्व के विविध देशो से युगांडा, दारेसलाम, लन्दन व भारत के विविध प्रदेशो से विभिन्न शहरो से पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित थे। विदर्भ के कुल 11 जिलों से विदर्भ अध्यक्ष अजयभाई वडेरा के मार्गदर्शन में महिला समिति संहित 56 पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने चर्चा में भाग लिया। प्रथम दिन पवित्र गोदावरी नदी के घाट के पास समाज बंधुओ के उपयोग हेतु नीर्मित भवन के नवनिर्मित सुसज्जित आरामदायक 9 अतिरिक्त कमरों का लोकार्पण महापरिषद के ट्रस्टी श्री महेंद्रभाई घेलाणी के करकमलो से हुआ। द्वितीय सत्र के बाद पधारे सभी महेमानो द्वारा नाशिक पंचवटी स्थित पवित्र गोदावरी के घाट पर ÷गोदागंगा÷ की संध्या आरती की गई। द्वितीय दिवस उपस्थित महापरिषद के सभी पदाधिकारिओं व प्रदेशो के पदाधिकारिओ व कार्यकर्ताओ के परिचय हुआ, महाराष्ट्र, मुंबई, विदर्भ विभाग की सयुक्त सभा का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न विभागों की समस्या व समाज के युवा व विद्यार्थी के हित के कार्य व हायर एजुकेशन, खेल व अन्य प्रतिभाओ को प्रोत्साहन देने के लिए मदद रूप होने बाबत चर्चा व विचार विमर्श किया गया। तृतिय दिवस सुबह के सत्र मे श्री लोहाणा महापरिषद की समाज हित की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। अध्यक्ष श्री सतीशभाई विठलानी ने विश्व के कोने कोने मे बसने वाले हरेक लोहाणा व्यक्ति को श्री लोहाणा महापरिषद से जुड़ने हेतु एक मोबाईल एप लोहाणा कनेक्ट का लोकार्पण किया गया ईस बाबत महापरिषद के वैभव ठक्कर ने सम्पूर्ण जानकारी दी गई अध्यक्ष ने सम्पूर्ण विश्व के लोहाणा बंधवो को ईस एप को अपने मोबाइल मे इनस्टॉल कर जुड़ने की अपील की गई। विदर्भ विभाग के अध्यक्ष श्री अजयभाई वडेरा ने विदर्भ मे बसें समस्त लोहाणा बांधवो, युवाओं के उद्धार के लिए योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई । साथ ही विदर्भ के नागपुर शहर मे समाज के युवाओं के लिए लोहाणा छात्रावास का निर्माण करना । विदर्भ के युवा उच्च शिक्षण हेतु मुंबई, गुजरात या विदेश जाते है उनको मदद रूप होना। इसी तरह गंभीर बीमारी से ग्रस्त को मुंबई, गुजरात या विदेश मे इलाज हेतु महा परिषद के सहयोग से मददरूप होना। सभा का संचालन महापरिषद के सचिव श्री प्रकाशभाई मगदाणी ने किया।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

# गोंदिया में विदर्भ स्तरीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 26 जुलाई को

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन एवं राधाबाई बहेकार नर्सिंग स्कूल, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई (रविवार) को विदर्भ स्तरीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन श्री रामदेव बाबा मंदिर हॉल, रेलटोली, गोंदिया में किया जाएगा।

प्रतियोगिता में विदर्भ, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के स्कूल एवं जूनियर कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। विजेताओं को कुल 20 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित होगी। पहला वर्ग कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए तथा दूसरा वर्ग कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों के लिए रहेगा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से गोंदिया जिले के 15 वर्ष आयु वर्ग के चार छात्र एवं चार छात्राओं का चयन महाराष्ट्र राज्य जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 26 जुलाई को सुबह 9:30 बजे श्री रामदेव बाबा मंदिर हॉल में होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में मुकेश वाराई (सचिव), राहुल दवे (संयोजक), विजय बहेकार (डायरेक्टर), डॉ. नितिन कोतवाल (अध्यक्ष), दिलीप जैन, शिवा पिपलेवार, नियाज शेख, डी.बी. चौरे, प्रभाकर पालांडुरकर, सुधांशु गायधने, राजकुमार बागड़े सहित गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के पदाधिकारी सहयोग कर रहे हैं।

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द
• पिठ का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द
• आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com